

दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित
# चम्बल सुर्खी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

## भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश किए गए जस्टिस बीआर गवई, 14 मई को संभालेंगे पद



नई दिल्ली (ए.)। जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई को मंगलवार को भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश (सीजीआई) के रूप में नियुक्त किया गया है। वह 14 मई को मुख्य न्यायाधीश का पद संभालेंगे। 13 जून को मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जस्टिस गवई उनकी जगह लेंगे। जस्टिस गवई देश के दूसरे दलित मुख्य न्यायाधीश हैं। कानून मंत्रालय ने जस्टिस गवई की भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जारी की है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनका नाम 16 अप्रैल को सीजेआई खन्ना द्वारा केंद्र सरकार को सिफारिश के रूप में भेजा गया था। जस्टिस गवई का कार्यकाल छह महीने का होगा और वह 23 दिसंबर को 65 वर्ष की आयु पूरी करने पर पद से सेवानिवृत्त होंगे। जस्टिस गवई देश के दूसरे दलित मुख्य न्यायाधीश होंगे। उनसे पहले जस्टिस केजी बालाकृष्णन भारत के मुख्य न्यायाधीश बने थे। जस्टिस बालाकृष्णन साल 2007 में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे। जस्टिस गवई का जन्म 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में हुआ था। जस्टिस गवई के पिता दिवंगत आरएस गवई भी एक मशहूर सामाजिक कार्यकर्ता और बिहार और केरल के पूर्व राज्यपाल रहे। जस्टिस गवई ने अपने वकालत करियर की शुरुआत साल 2003 में बॉम्बे उच्च न्यायालय में बतौर एडिशनल जज की थी। इसके बाद साल 2005 में वे स्थायी जज नियुक्त हुए। जस्टिस गवई ने 15 वर्षों तक मुंबई, नागपुर, औरंगाबाद और पणजी की पीठ में अपनी सेवाएं दीं।

पहलगाम हमला - पीएम बोले-

# आतंकवाद को कुचलना हमारा राष्ट्रीय संकल्प सेना को टारगेट, समय और हमले का तरीका तय करने की पूरी छूट

नई दिल्ली (ए.)।

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आतंकवाद से निपटने के लिए तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, पीएम ने कहा, आतंकवाद को करारा झटका देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। हमें भारतीय सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूरा विश्वास है। आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का तरीका, लक्ष्य और समय सेना तय करे।
पीएम ने यह बात मंगलवार को तीनों सेनाओं के प्रमुख, NSA अजीत डोभाल, CDS अनिल चौहान के साथ हाई लेवल मीटिंग में कही। यह बैठक डेढ़ घंटे से यादा चली। सूत्रों के मुताबिक, इस मीटिंग के आधे घंटे बाद गृहमंत्री अमित शाह और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पीएम आवास पहुंचे हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम की बायसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे। जबकि 10 से यादा लोग घायल हुए थे।



### पाकिस्तान का आरोप- भारत आतंकवाद को बढ़ावा देता है

पाकिस्तानी सेना ने भारत पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ ने मंगलवार शाम एक प्रेस ब्रीफिंग की। इस ब्रीफिंग में शरीफ ने दावा किया कि PAK सेना ने 25 अप्रैल को एक पाकिस्तानी नागरिक अब्दुल मजीद को झेलम बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया है, जिसे भारत ने ट्रेन किया है

शरीफ के मुताबिक, अब्दुल के पास 2.5 किलो का एक IED, दो मोबाइल और 70 हजार रुपए बरामद हुए हैं। सेना ने आगे अब्दुल के घर से एक भारतीय ड्रोन और 10 लाख रुपए कैश बरामद करने की बात कही।

### महाराष्ट्र सरकार मृतकों के आश्रितों को 50 लाख रुपए और नौकरी देगी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को ऐलान किया कि पहलगाम हमले में मारे गए राय के लोगों के आश्रितों को 50-50 लाख रुपए दिए जाएंगे। राय सरकार आश्रितों को नौकरी भी देगी। हमले में महाराष्ट्र के 6 नागरिकों की मौत हुई थी।

### पीएम हाउस में हाईलेवल मीटिंग खत्म

पीएम हाउस में डेढ़ घंटे तक चली हाई लेवल मीटिंग खत्म हो गई है। मीटिंग में पीएम मोदी के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान, नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद रहे।

### भारतीय सेना और CAPF ने संयुक्त अभ्यास किया

भारतीय सेना ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) के साथ संयुक्त अभ्यास किया। त्रिशक्ति कोर ने सोशल मीडिया पोस्ट पर बताया- भारतीय सेना और सशस्त्र पुलिस बलों ने साथ मिलकर ऑपरेशनल तैयारियों को धार दी है। हम हर चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इससे पहले सेना ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में गांव सुरक्षा समितियों (VDGs) के सदस्यों को भी खास ट्रेनिंग दी थी। यह ट्रेनिंग 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दी गई, जिसमें 26 लोगों की जान गई थी।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा को मिली कश्मीर-लद्दाख की कमान

**नई दिल्ली(ए.)।** लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा को उदयपुर स्थित नॉर्दर्न आर्मी कमांड का नया कमांडर-इन-चीफ बनाया गया है। सरकार ने 28 अप्रैल को उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी थी। पहलगाम हमले के तुरंत बाद वे सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के साथ श्रीनगर भी पहुंचे थे। प्रतीक शर्मा अब लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचेंद्र कुमार का स्थान ले रहे हैं, जिनका 15 महीने का कार्यकाल पूरा हो चुका है। उनका कार्यकाल ऐसे समय में शुरू हो रहा है जब भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाए हैं, जिसमें सिंधु जल संधि का निलंबन, अटारी-वाघा बॉर्डर का बंद होना, पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करना और उन्हें भारत छोड़ने का निर्देश देना शामिल है। लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा भारतीय सेना के एक अनुभवी और प्रतिष्ठित इन्फेंट्री अधिकारी हैं, जिनका सैन्य करियर तीन दशकों से भी अधिक समय में फैला है। उन्होंने विभिन्न चुनौतीपूर्ण अभियानों में भाग लिया है, जिनमें ऑपरेशन पवन (श्रीलंका में भारतीय शांति सेना का मिशन), ऑपरेशन मेघदूत (सियाचिन ग्लेशियर अभियान), ऑपरेशन रक्षक (कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियान)



# सीमांकन नही करने की शिकायत, पटवारी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

## निर्मला को मिलेगा संबल का लाभ, दिव्यांशु को मिली पेंशन, जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान सीमांकन नही करने के मामले में पटवारी के विरूद्ध एक दिन का वेतन काटने तथा तत्काल सीमांकन करने के निर्देश तहसीलदार श्योपुर को दिये गये। ग्राम ढोढर निवासी श्री अशोक शर्मा ने बताया कि खोजीपुरा ढोढर सर्वे क्रमांक 302 अंतर्गत उनके स्वामित्व की भूमि रकबा 0.7420 हेक्टयर है, इस संबंध में एक माह पहले लोकसेवा केन्द्र श्योपुर के माध्यम से सीमांकन के लिए आवेदन दिया गया, लेकिन पटवारी व आरआई द्वारा अभी तक सीमांकन की कार्यवाही नही की गई। इस पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा तहसीलदार को निर्देश दिये कि पटवारी के माध्यम से आज ही सीमांकन कराया जायें। तहसीलदार द्वारा जब फोन लगाया गया तो, पटवारी बगैर सक्षम अनुमति के अवकाश पर पाये गये, इस मामले में पटवारी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गये, साथ ही आवेदक का सीमांकन कराने हेतु तहसीलदार श्री अर्जुन सिंह भदौरिया को निर्देशित किया गया। उन्होने सभी तहसीलदारों को निर्देश भी दिये कि पटवारी बगैर तहसीलदार की अनुमति के अवकाश पर नही जायें, ऐसा करने वाले पटवारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तुत की जायें। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर एसडीएम श्री बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




**निर्मला को मिलेगा संबल का लाभ**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि प्रदाय किये जाने संबंधी आवेदन का निराकरण करते हुए आवेदक श्रीमती निर्मला प्रजापति निवासी वार्ड नंबर 04 श्योपुर को अवगत कराया कि योजना के तहत प्रकरण स्वीकृत हो गया है तथा कल 30 अप्रैल को सिंगल क्लिक के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा बैंक खाते में राशि अंतरित की जायेगी। उल्लेखनीय है कि श्रीमती निर्मला प्रजापति के पति स्व. श्री नरेन्द्र प्रजापति की मृत्यु बीमारी के चलते हो गई थी, इस मामले में प्रकरण स्वीकृत करने की कार्यवाही की गई तथा ईपीओ भी जारी कराया गया, अब विधवा महिला श्रीमती निर्मला को 30 अप्रैल को आयोजित सिंगल क्लिक कार्यक्रम के माध्यम से बैंक खाते में दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि प्राप्त होगी।

**बालक दिव्यांशु को मिला डबल पेंशन का लाभ**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्राम सुठारा विकासखण्ड विजयपुर निवासी दिव्यांग बालक दिव्यांशु पुत्र श्री रामअवतार जाटव को सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से पेंशन योजनाओं का लाभ दिया गया। बालक को डबल पेंशन स्वीकृत करने की कार्यवाही की गई है, दिव्यांग बालक को शासन के नियमानुसार दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के साथ ही मंदबुद्धि एवं दिव्यांग आर्थिक सहायता योजनाओं का लाभ दिया गया है, उक्त दोनो योजनाओं में 600-600 रूपये की पेंशन राशि प्रतिमाह प्राप्त होगी। इसके साथ ही दिव्यांग श्री रामप्रसाद माहौर निवासी गांधीनगर श्योपुर को व्हीलचेयर प्रदान की गई।

**बालक का परीक्षण कर उपचार कराने के निर्देश**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान गांधीनगर श्योपुर निवासी तालिब का उपचार आरबीएसके योजना में कराये जाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारियों को दिये गये। जनसुनवाई में बालक को लेकर पहुंचे नानी श्रीमती फातिमा पत्नि श्री अजीज ने बताया कि तालिब बचपन से ही बोलने में असमर्थ है, इस पर बालक का आरबीएसके योजना के तहत परीक्षण कर उपचार कराने के निर्देश दिये गये।

# विजयपुर में 4 स्थानों पर लगे वाटरकूलर, लोगों को मिली शीतल पेयजल की सुविधा

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा नगरीय निकायों को दिये गये निर्देशो के क्रम में नगर परिषद विजयपुर द्वारा 4 स्थानों पर ग्रीष्मकाल में आम लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने की सुविधा के दृष्टिगत रखते हुए वाटरकूलर स्थापित किये गये है, जिससे लोगों को शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध हुई है। एसडीएम एवं प्रभारी सीएमओ श्री अभिषेक मिश्रा ने बताया कि नगरपरिषद द्वारा कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशो के क्रम में विजयपुर में एसडीओपी आफिस के सामने, गांधी चौक, नगरपरिषद भवन तथा अस्पताल के पास 4 स्थानों पर वाटरकूलर लगाये गये है। इसके अलावा नगरपरिषद विजयपुर द्वारा 4 स्थानों पर प्याऊ का संचालन भी किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने गर्मियों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से सभी नगरीय निकायों को



निर्देश दिये है कि अपने-अपने क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्याऊ का संचालन किया जायें तथा वाटरकूलर लगाये जायें। इसी प्रकार गौवंश तथा अन्य मवेशियों के लिए सीमेंट की टंकी का उपयोग करते हुए पशुहोद बनाये जायें तथा उसमें नियमित रूप से पानी भरा जायें।

# लीलदा में सर्वसम्मति से मुक्तिधाम के लिए भूमि आरक्षित करने की प्रक्रिया जारी

## एसडीएम सहित जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार राजस्व अमले द्वारा लीलदा में मुक्तिधाम के लिए भूमि आरक्षित एवं चिन्हित करने की प्रक्रिया जारी है। एसडीएम श्री अभिषेक मिश्रा सहित राजस्व और पुलिस के अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ गांव में सर्वसम्मति से मुक्तिधाम के लिए उपयुक्त तथा सुगम स्थान चिन्हित करने की प्रक्रिया की जा रही है। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री रामनिवास रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शंशाक भूषण, वीरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री आकाश जादौन, एसडीओपी श्री राघवेन्द्र सिंह तोमर आदि उपस्थित थे। एसडीएम श्री अभिषेक मिश्रा ने बताया कि गांव में सभी की सहमति से मुक्तिधाम के लिए उपयुक्त स्थान के



चिन्हांकन की प्रक्रिया की जा रही है, उन्होने कहा कि रेलवे ब्राडगेज निर्माण कार्य के चलते परम्परागत मुक्तिधाम की भूमि अधिग्रहित हो गई है, इसके स्थान पर सभी के साथ चर्चा करके उपयुक्त और सुगम-सुलभ मार्ग वाले स्थान का चयन करने की प्रक्रिया राजस्व की टीम द्वारा की जा रही है। ग्राम में पहुंचे अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा बैंगलोर में दुर्घटना में मृतक स्व. श्री जगदीश जाटव के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 30 अप्रैल

**श्योपुर ब्यूरो।** समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 30 अप्रैल नियत है, समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन कराने वाले किसान 30 अप्रैल तक स्लॉट की बुकिंग अपनी सुविधानुसार करा सकते है, खरीदी का कार्य 5 मई तक चलेगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के नेतृत्व में श्योपुर जिले में 33 उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं खरीदी का कार्य व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है। अब तक 68 हजार मैट्रिक टन गेहूं की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद की जा चुकी है, जिन किसानों द्वारा गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है, वे अपना-अपना गेहूं समर्थन मूल्य पर विक्रय करने के लिए अपनी सुविधानुसार किसी भी खरीदी केन्द्र के लिए स्लॉट की बुकिंग करा सकते है। स्लॉट बुकिंग कराने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित है। फूड आफिसर श्री सुनील शर्मा ने बताया कि अभी तक 9 हजार 652 किसानों द्वारा स्लॉट की बुकिंग कराई गई है तथा स्लॉट बुक करने वाले किसानों से खरीदी कार्य संचालित है। ऐसे किसान जिन्होंने गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन तो कराया है, लेकिन गेहूं विक्रय हेतु अभी तक स्लॉट की बुकिंग नही कराई है, और वे सरकारी समर्थन मूल्य पर अपने गेहूं का विक्रय करना चाहते है, तो 30 अप्रैल तक स्लॉट की बुकिंग करा सकते है। उन्होने कहा कि किसान अपनी सुविधानुसार किसी भी केन्द्र के लिए स्लॉट बुकिंग करा सकते है।

# संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता राशि का वितरण आज

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सिंगल क्लिक के माध्यम से करेंगे राशि अंतरित, श्योपुर जिले के 560 हितग्राही परिवारों को मिलेगा लाभ

**श्योपुर ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 30 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे उमरबन जिला धार में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया जायेगा। श्योपुर जिले के 560 हितग्राही परिवारों को भी इस योजना में लाभ मिलेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम एनआईसी श्योपुर में अपरान्ह 03 बजे से आयोजित होगा। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना एवं मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की अनुग्रह सहायता योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण का कार्य आज 30 अप्रैल को आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उक्त कार्यक्रम के माध्यम से अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक कर डीबीटी के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित करेंगे।

जिला पंचायत की संबल योजना प्रभारी श्रीमती सारिका पाटीदार ने जानकारी दी कि उक्त कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले के 560 हितग्राही परिवारों को 11 करोड 90 लाख रूपये की अनुग्रह राशि प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सामान्य मृत्यु के 525 प्रकरणों में 2-2 लाख रूपये तथा दुर्घटना मृत्यु के 35 प्रकरणों में 4-4 लाख रूपये की राशि पीडित परिवारों को आर्थिक सहायता के रूप में प्राप्त होगी। सामान्य मृत्यु के 525 प्रकरणों में 10 करोड 50 लाख तथा दुर्घटना मृत्यु के 35 प्रकरणों में 1 करोड 40 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदाय की जायेगी।

# ईव्हीएम गोदाम का बाहरी मासिक निरीक्षण

**श्योपुर ब्यूरो।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अर्पित वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम गोदाम का बाहरी मासिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, निर्वाचन पर्यवेक्षक श्री इमरान खान सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।



# सीएम राईज श्योपुर में समर कैम्प 01 मई से

**श्योपुर ब्यूरो।** सीएम राईज विद्यालय श्योपुर में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, सृजनशीलता, कला एवं खेल आदि कौशलो के विकास के उद्देश्य से 01 मई से 13 मई तक समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य श्री अशोक खण्डेलवाल ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी समर कैम्प में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते है। समर कैम्प का समय प्रातः 7.30 बजे से प्रातः 10.30 बजे तक रहेगा। समर कैम्प की थीम खेलो के अंतर्गत शतरंज, टेबिल टेनिस, कैरम, योग एवं मार्शल आर्ट, संगीत के अंतर्गत गायन वादन (सिथेंसाईजर तबला, हारमोनियम, ढोलक) रहेगी। इसी प्रकार मानसिंक योग्यता विकास, पुस्तकालय एवं मेंहदी, चित्रकला तथा रंगोली को भी शामिल किया गया है।

# पेट्रोल से जलाकर शव जंगली क्षेत्र में फेंका

## परिजनों ने विवाहित महिला के पति पर लगाए आरोप



**शिवपुरी ब्यूरो।** देहात थाना क्षेत्र में स्थित जवाहर कॉलोनी में रहने वाली एक मजदूर युवक राहुल चौधरी की हत्या कर पहचान छुपाने के लिए उसके शव को जला दिया और जले हुए शव को ग्राम सुजवाया के पास जंगली क्षेत्र में फेंक दिया। कल युवक राहुल चौधरी का शव पुलिस ने बरामद किया। परिजनों का आरोप है कि अवैध संबंधों के चलते राहुल की हत्या की गई है और उन्होंने एक विवाहित युवती पर हत्या का सक जाहिर किया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विदित हो कि युवक राहुल पुत्र मोतीलाल चौधरी उम्र 25 साल अपने पड़ौस में रहने वाले बिट्टू परिहार का मकान बना रहा था। इसी क्रम में बिट्टू ने रविवार शाम को मजदूरी का हिसाब करने के लिए उसे अपने घर में बुलाया वह इसके बाद राहुल लौट कर वापस घर नहीं पहुंचा। रात आठ बजे राहुल ने घर पर फोन लगाकर यह अवश्य कहा कि वह रात को 11 बजे तक वापस आ जाएगा। अचानक वह किसी काम से वह बाहर चला गया है। यह फोन सुनकर परिजन निश्चिंत हो गए और सो गए और उन्हें यह पता नहीं चला की राहुल घर नहीं लौटा है। सुबह जब राहुल घर पर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। उन्होंने बिट्टू से पूछताछ की इस पर बिट्टू ने कहा कि वह तो शाम को ही हिसाब कर उसके यहां से चला गया था। राहुल के दोस्त जीतू ने बताया कि राहुल शाम को उसके सामने एक कार में बैठकर गया था। जब राहुल का पता नहीं चला तो परिजन उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर कल अज्ञात शव सुजवाया गांव के मोड़ से बरामद किया। मृतक के शरीर पर चोट के निशान थे और उस पर पेट्रोल डालकर आग भी लगाई गई थी। चोट के निशान किसी धारदार हथियार के थे। पुलिस ने अज्ञात युवक की शिनाख्त की तो वह शव राहुल चौधरी का निकला। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

**राहुल की महिला मित्र और उसके पति पर शक**

राहुल के भाई विकास ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोस में एक महिला की राहुल से दोस्ती हो गई थी। इसके बाद राहुल उसके घर जाने लगा था। जब महिला के पति को राहुल और उसकी पत्नि दोस्ती का पता चला तो उन्होंने राहुल को टोका तथा राहुल और महिला के पति के बीच काफी झगड़ा भी हुआ था। इसके बाद राहुल को महिला के पति ने देख लेने की धमकी दी थी। महिला अपने पति का घर छोड़कर मायके चली गई थी। विकास को महिला के पति पर संदेह है। राहुल के न मिलने पर उन्होंने महिला से भी उसके बारे में बात की थी। तो महिला ने बताया था कि रविवार को राहुल ने फोन पर उसे मैसेज किया था कि वह बिट्टू परिहार के साथ है और उसकी ससुराल जा रहा है।

**इनका कहना है**

कल राहुल का शव मिला था। पुलिस ने उसके परिजनों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और हमें उम्मीद है कि बहुत जल्द ही राहुल की हत्याकाण्ड पर पड़ा पर्दा साफ हो जाएगा।

**रत्नेश यादव, टीआई देहात थाना**

# पाकिस्तान के किसानों की चिंता करने पर राकेश टिकैत पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए- संजय गुर्जर

**शिवपुरी ब्यूरो।** भारत बचाओ संविधान बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन एस के राष्ट्रीय संरक्षक ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि राकेश टिकैत और नरेश टिकैत तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। राकेश टिकैत को लोगों को बताना चाहिए कि उनकी किसान यूनियन का रजिस्ट्रेशन राष्ट्रीय है या अंतरराष्ट्रीय। उन्हें पाकिस्तान के किसानों के पानी की चिंता है। पूरा देश पहलगाम आतंकवादी घटना से उबर नहीं पा रहा है। यह वही राकेश टिकैत है जो मुजफ्फरनगर दंगों का हीरो रहा है। अगर मुसलमानों की इतनी ही चिंता होती तो मुजफ्फरनगर में मुस्लिम समाज के इतने लोग नहीं मारे जाते। स्वर्गीय महेंद्र टिकैत के समय से लेकर आज तक की अपनी सम्पूर्ण सम्पत्ति का ब्यौरा दें राकेश टिकैत। असदुद्दीन ओवैसी जैसे लोग



इस घटना को बहुत गम्भीरता से ले रहे हैं और पाकिस्तान के द्वारा पनपे आतंकवाद को कोस रहे हैं। अब ऐसी स्थिति में राकेश टिकैत का पाकिस्तान के किसानों की चिंता करना कितना शर्मनाक है। भारत बचाओ संविधान बचाओ आंदोलन और भारतीय किसान यूनियन एस इसकी कड़ी निन्दा करता है और केंद्र और प्रदेश सरकार से मांग करता है कि इनके खिलाफ देशविरोधी बयान देने पर सख्त कार्रवाई की जाए। काफी लम्बे समय से यह परिवार किसानों को मूर्ख बनाता आया है। किसान राजनीति सिसौली की जागीर नहीं है।

# प्राचीन बुद्ध स्तूप बूधोन राजापुर में ऐतिहासिक राष्ट्रीय बुद्ध महोत्सव 2025 का होगा आयोजन

**शिवपुरी ब्यूरो।** राष्ट्रीय बुद्ध महोत्सव समिति मध्य प्रदेश द्वारा आगामी 12 मई 2025 बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्राचीन बुद्ध स्तूप, बूधोन राजापुर तहसील खनियाधाना जिला शिवपुरी में भव्य और ऐतिहासिक राष्ट्रीय बुद्ध महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में देशभर से बौद्ध श्रद्धालुओं एवं उपासकों के बड़े समूह के शामिल होने की संभावना है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं को सपरिवार आमंत्रित किया है।



कार्यक्रम का विवरण- महोत्सव का शुभारंभ सुबह 8 बजे से 9 बजे तक पूज्य भिक्षु संघ एवं उपासकों द्वारा त्रिसरण, पंचशील एवं धम्मपाठ से होगा। इसके पश्चात भव्य सम्राट अशोक विजय शोभा यात्रा का आयोजन होगा, जो सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मायापुर से राजापुर चौराहा तक निकाली जाएगी। विशाल पंचशील बुद्ध शोभा यात्रा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक राजापुर चौराहा से प्राचीन बुद्ध स्तूप तक निकाली जाएगी। शोभायात्रा के दौरान विशाल पंचशील ध्वज के साथ श्रद्धालु प्राचीन स्तूप तक पहुंचेंगे और वहां सामूहिक वंदना एवं प्रार्थना करेंगे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में, दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक, भिक्षु संघ द्वारा धम्म संदेश, मंगलमैत्री तथा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया जाएगा। इसके साथ ही सम्राट अशोक को सामूहिक पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत समापन किया जाएगा। ऐतिहासिक महत्व बूधोन राजापुर स्थित प्राचीन बुद्ध स्तूप का इतिहास सम्राट अशोक के कालखंड से जुड़ा हुआ है। यहां सैकड़ों-हजारों वर्ष पूर्व भव्य धम्म कार्यक्रम होते थे, जिनसे तथागत बुद्ध का संदेश सम्पूर्ण विश्व में प्रसारित होता था। यह स्थल प्राचीन मगध-सांची-उज्जैन मार्ग पर स्थित है।

# पोहरी में टीम ने पहुंचकर रुकवाये दो बाल विवाह

## बाल विवाह अपराध और सामाजिक बुराई है परिजनों को दी समझाईश

**शिवपुरी ब्यूरो।** बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है और अपराध भी है। हालांकि वर्तमान समय में बाल विवाह कम हुए हैं परंतु कहीं दूर दराज पिछड़े इलाकों में जब ऐसे मामले सामने आते हैं तब हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है। प्रशासन की टीम द्वारा भी कार्यवाही की जाती है। ऐसे ही दो मामले पोहरी में सामने आए। पोहरी में प्रशासन की टीम ने पहुंचकर एक बाल विवाह रुकवाया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र सुंदरियाल ने बताया कि पोहरी के छर्च में मुन्ना कुशवाह द्वारा 17 वर्षीय बेटी का विवाह किया जा रहा था। वहीं ग्राम महदेवा निवासी रामावतार आदिवासी द्वारा 17 वर्ष के बेटे का विवाह कराया जा रहा था।जब इसकी सूचना प्रशासन को मिली तब तत्काल नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग पोहरी के परियोजना अधिकारी नीरज गुर्जर ने पहुंचकर परिजनों को समझाइश दी और बाल विवाह रुकवाया। रूढ़ियों के नाम पर बचपन के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। बाल विवाह परंपरा नहीं बल्कि बच्चों के साथ क्रूरता है।

**जिले में होने वाले विवाह आयोजनों पर रहेगी प्रशासन की नजर**

जिले में होने वाले विवाह आयोजनों में बाल विवाह न हो इसके लिये जिला प्रशासन सभी तैयारियां पूर्ण कर लीं है। प्रत्येक विवाह आयोजन पर नजर रखने हेतु निगरानी दलों का गठन किया गया है। इसके लिए कलेक्टर एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी रवींद्र कुमार चौधरी ने समस्त मैदानी अधिकारियों को पूर्ण सतर्क रहने को निर्देशित किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में निगरानी दलों को निर्देशित किया गया है कि बाल विवाह होने पर ग्राम स्तरीय अमले की जिम्मेदारी तय की जायेगी। बाल विवाह रोकथाम किसी एक व्यक्ति का नहीं,बल्कि उस गांव वार्ड के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। स्कूलों के टीचर, ग्राम कोटवार, हल्का पटवारी,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सभी को अपने क्षेत्रों में अक्षय तृतीय से पूर्व भ्रमण कर बाल विवाह न हों यह सुनिश्चित करना होगा।

**सेवाप्रदाता भी सहयोग करें**

जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र सुंदरियाल ने बताया कि विवाह आयोजन के दौरान सेवाएं देने वाले सभी सेवा प्रदाताओं से अपील की गई है कि वह उम्र के प्रमाण लेने के बाद ही सेवाएं दें अन्यथा उनके विरुद्ध भी प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

**यह कोई प्रथा नहीं कानूनी अपराध है**

लोगों को यह समझना चाहिए कि बाल विवाह बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रभावित करता है। यह बच्चों के साथ गम्भीर किस्म की क्रूरता है। जिसके लिए तीन साल तक की सजा एवं एक लाख रूपये के जुर्माने से दंडित किया जा सकता है। लोग बाल विवाह को सामाजिक रूढियां मानते है ,वो यह समझ लें कि रूढियों के नाम पर बचपन के साथ खिलवाड़ नहीं करने दी जाएगी।

**यहां दे सकेंगे सूचना**

कोई भी व्यक्ति जिसे बाल विवाह के आयोजन की जानकारी है वह सम्बंधित क्षेत्र के एसडीएम, परियोजना अधिकारी,थाना प्रभारी को सूचना दे सकता है। इसके अलावा चाइल्ड लाइन नं.1098 या 100 नम्बर या जिले के कंट्रोल रूम नंम्बर 07492356963 पर भी जानकारी दे सकते है।

# सीएम राइज पोहरी के ग्रीष्मकालीन शिविर में निखरेगी बच्चों की प्रतिभा, गर्मी की छुट्टियों में भी सी.एम.राइज स्कूल पोहरी में सीखेंगे बच्चे

**शिवपुरी ब्यूरो।** प्रति वर्ष की भांति सी.एम.राइज स्कूलों के बच्चे भी गर्मी की छुट्टियों में समर कैंप का आनंद लेंगे। यह कैंप 01 मई से 20 मई की अवधि में लगाया जाएगा इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र के क्रम में सी. एम. राइज



पोहरी में भी समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कक्षा 3 से 8 तक एवं 9 से 12 तक के ग्रामीण परिवेश के बच्चे नया अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। इस कैंप में नियमित पढ़ाई से अलग रोचक गतिविधियों का भी आनंद विद्यालय के छात्र छात्राओं को मिलेगा। प्रति वर्ष की भांति बच्चों में विभिन्न सामाजिक कौशलों का भी विकास किया जाएगा। विद्यालय प्राचार्य अचल सिंह कुशवाह के अनुसार यह समर कैंप तीन घंटे का होगा जो सुबह 8 बजे से 11 बजे तक चलाया जाएगा। इस कैंप में दो वर्गों में कक्षा 3 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। इसमें संबंधित विद्यालय के शिक्षक, अतिथि शिक्षक व स्वप्रेरित शिक्षकों का सहयोग लिया जाएगा। साथ ही समर कैंप में प्रतिभाग करने वाले बच्चों के अभिभावकों से सहमति प्राप्त की जाएगी। इस समर कैंप में प्रत्येक दिन अलग-अलग गतिविधियां होंगी जिनमें योग, व्यायाम, ध्वनि सुनना, सर्कल टाइम, अभिनय, फिल्म मेकिंग, फोटोग्राफी, खेलकूद, ड्रॉइंग, पेंटिंग,मिट्टी व कागज से पारंपरिक वस्तुओं का बनाना आदि सिखाया जाएगा। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बच्चों से इस समर कैंप में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए अपील की है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरूकता गतिविधियां जारी

## झुण्डपुरा तिघरा में रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक




**ग्वालियर।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में जन जागरूकता कार्यक्रम जारी है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने इस अभियान के तहत प्रभावी ढंग से जिलेभर में जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस कड़ी में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला व बाल विकास विभाग एवं सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट संस्था द्वारा विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री धीरेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि यह रैली ग्राम झंडापुरा, तिघरा रोड ग्वालियर में आयोजित हुई। जिसमें समुदाय की महिलाओं, आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका, स्वसहायता समूह की दीदियाँ व युवाओं ने भाग लिया। रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही बाल विवाह की रोकथाम में अपनी भागीदारी निभाने की सभी प्रतिभागियों ने शपथ ली। रैली की शुरुआत के अवसर पर बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। साथ ही जानकारी दी गई कि बाल विवाह करना या कराना बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुर्माना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज-सज्जा करने वाले डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुर्माना हो सकता है। साथ ही अपील की यदि किसी बालिका जिसकी उम्र 18 वर्ष से कम एवं बालक जिसकी उम्र 21 वर्ष से कम हो और उनके विवाह की जानकारी मिले तो टोल फ्री नंबर 1098 व 100 नंबर पर सूचना दे सकते है साथ ही सूचना देने वाले का नाम भी गोपनीय रखा जाता है। रैली में सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर राजेन्द्र सोनी, ब्लॉक समन्वयक, सफल युवा मण्डल के अध्यक्ष अरविन्द कुशवाह, महिला बाल विकास विभाग से संदीप श्रीवास्तव शामिल हुए।

# सिमिरियाटांका के निवासियों को किया नरवाई न जलाने के लिये जागरूक

## जिले में फसल अवशेष न जलाने के लिये विशेष जन जागरूकता अभियान जारी, सिमिरियाटांका में जनसुनवाई के दौरान किसानों को किया जागरूक, समस्यायें भी हल कीं



**ग्वालियर।** नरवाई, पराली व अन्य फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक करने के लिये ग्वालियर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर मंगलवार को ग्राम पंचायत सिमिरिया टांका में आयोजित हुई जन-सुनवाई में विभिन्न विभागों के मैदानी कर्मचारियों ने किसानों को नरवाई न जलाने के लिये जागरूक किया। साथ ही ग्रामवासियों की समस्याओं का निराकरण भी इस अवसर पर किया गया। किसानों को सचेत किया गया कि जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध है और नरवाई जलाना दण्डनीय अपराध है। ज्ञात हो फसल के अवशेष जलाने से फैलने वाले प्रदूषण पर अंकुश, अग्नि दुर्घटनाएँ रोकने एवं जान-माल की रक्षा के उद्देश्य से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा पूर्व में ही आदेश जारी कर जिले में गेहूँ की नरवाई इत्यादि जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जा चुका है। सिमिरियाटांका की जन-सुनवाई में मौजूद ग्रामवासियों को बताया गया कि नरवाई जलाने से भूमि में अम्लीयता बढती है, जिससे खेत की मिट्टी को अत्यधिक क्षति पहुँचती है । सूक्ष्म जीवाणुओं की सक्रियता घटने लगती है एवं भूमि की जलधारण क्षमता पर भी विपरीत प्रभाव पडता है । किसान भाई कम्बाईन हार्वेस्टर से कटाई के साथ ही भूसा बनाने की मशीन को प्रयुक्त कर यदि भूसा बनायेंगे तो पशुओं के लिए भूसा मिलेगा और फसल अवशेषों का बेहतर प्रबंधन हो सकेगा। साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहेगी और पर्यावरण भी सुरक्षित होगा। सिमिरियाटांका में आयोजित हुए जन जागरूकता कार्यक्रम में कृषि विभाग के विकासखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक कृषि विस्तार अधिकारी, ग्राम पंचायत के सचिव व पटवारी सहित अन्य मैदानी कर्मचारियों ने यह जानकारी दी।

# शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय की कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न

## संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने आय बढ़ाने पर दिया जोर




**ग्वालियर।** शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय की कार्यकारिणी समिति की बैठक संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महाविद्यालय में यंत्र शस्त्र क्रय करने हेतु 12 लाख रूपए एवं पुस्तकालय में पुस्तक क्रय करने हेतु 10 लाख रूपए का बजट में प्रावधान स्वीकृत किया गया। संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यकारिणी समति की बैठक में संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. रचना बुनकर, संस्था के प्राध्याचार्य डॉ. महेश कुमार शर्मा सहित महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने महाविद्यालय की वित्तीय समिति द्वारा अनुशंसित वर्ष 2025-26 के आय-व्यय को पुनः परीक्षण कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्थानीय महाविद्यालय में पदस्थ व्याख्याता एवं रीडर शिक्षकीय वर्ग को उच्च पद पर प्रभार देने के संबंध में संभागीय आयुष अधिकारी एवं संयुक्त संचालक वित्त को परीक्षण कर शासन आदेश के परिपालन में कार्य करने हेतु अधिकृत किया गया। इसके साथ ही बीएएमएस में संबद्धता शुल्क में वृद्धि करते हुए 6915 रूपए के प्रस्ताव को भी मंजूर किया गया। संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने बैठक में कहा कि आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय की आय को बढ़ाने के लिये प्रयास किए जाएं। इसके साथ ही महाविद्यालय के हर्बल गार्डन के समीप से निकल रहे नाले के सुधार हेतु पीएचई विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को परीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

# समर्थन मूल्य पर गेहूँ बेचने के लिये 30 अप्रैल स्लॉट बुक कराने की अंतिम तिथि

## किसान भाई घर बैठे मोबाइल फोन से कर सकते हैं स्लॉट बुकिंग, जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 4 लाख 96 हजार 264 क्विंटल गेहूँ का हुआ उपार्जन

**ग्वालियर।** समर्थन मूल्य पर गेहूँ बेचने के लिये स्लॉट बुक कराने की 30 अप्रैल अंतिम तिथि है। किसान भाई अपने मोबाइल फोन से भी सुविधानुसार खरीदी केन्द्र व तारीख का चयन कर 30 अप्रैल तक स्लॉट बुक करा सकते हैं। यदि पंजीकृत किसानों ने स्लॉट बुक नहीं कराया तो वे समर्थन मूल्य पर अपना गेहूँ नहीं बेच पायेंगे। राज्य शासन द्वारा गेहूं के उपार्जन के लिये 5 मई अंतिम तिथि निर्धारित की है। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री विपिन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये 41 केन्द्र स्थापित किए गए हैं। अभी तक 6 हजार 869 स्लॉट बुक हुए हैं। जिले में अब तक 41 उपार्जन केन्द्रों पर 3 हजार 753 किसानों से 4 लाख 96 हजार 264 क्विंटल गेहूँ की खरीदी हो चुकी है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ बेचकर गए किसानों के खातों में जिले में अब तक लगभग 71 करोड़ 13 लाख 86 हजार रूपए की धनराशि पहुँचाई जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा 2600 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी की जा रही है। जिसमें 175 रूपए प्रति क्विंटल बोनस शामिल है।

# निगमायुक्त ने की विभागीय प्रकरणों की समीक्षा दिए आवश्यक निर्देश




**ग्वालियर।** सीएम हेल्पलाइन में एक भी शिकायत नोन अटेंडेंट नहीं रहनी चाहिए तथा जो शिकायतें मांग आधारित अथवा स्पेशल क्लोज करनी है, उन्हें 16-17 तारीख तक आवश्यक रूप से संबंधित अधिकारी तक भेजें। अन्यथा संबंधित अधिकारी कार्यवाही के लिए तैयार रहें। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने समय सीमा बैठक में विभागीय प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री मुनीष सिंह सिकरवार, श्री अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

निगम मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान नामांकन प्रकरणों की चर्चा करते हुए निगमायुक्त श्री संघप्रिय ने कहा कि अनावश्यक रूप से नामांकन का कोई भी प्रकरण लंबित न रखा जाए और नामांकन का सरलीकरण करें तथा जिन अधिकारियों के नामांकन प्रकरण समय सीमा से बाहर हो चुके हैं, उन्हें नोटिस जारी करें। इसके साथ ही जीआईएस सर्वे की प्रगति की समीक्षा करते हुए धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सर्वे का कार्य तेज गति से करने के निर्देश दिए। साथ ही ईकेवायसी के कार्य की समीक्षा करते हुए ईकेवायसी के कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

नियमित पेयजल प्रदाय करने को लेकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए पूर्ण तैयारी करने के निर्देश दिए। जिससे गर्मी के दिनों में आमनागरिकों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पडे। साथ ही न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों का आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही खराब सड़को की मरम्मत कार्य में प्रगति को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# सावधान रहें सूखे कुएं में उतरने से हो सकती है दुर्घटना

## मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एडवाइजरी जारी

**ग्वालियर।** सूखे कुएं में उतरने से कई तरह की दुर्घटनाएं हो सकती हैं। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस संबंध में एडवाइजरी जारी की है और आम नागरिकों से सूखे कुँए में न उतरने की अपील की है।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सूखे कुँए में उतरने से संभावित दुर्घटनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी है।

**सूखे कुँए में हो सकती हैं जहरीली गैसें**

सूखे कुँए में हाइड्रोजन सल्फाइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड जैसी खतरनाक गैसों की उपस्थिति बेहोशी, घुटन और मृत्यु का कारण बन सकती है। साथ ही सीमित स्थान में ऑक्सीजन का स्तर कम होने से सांस लेने में तकलीफ और बेहोशी हो सकती है।

**सूखे कुँए में ऑक्सीजन की कमी का ऐसे पता लगाएँ**

कुएँ में उतरने के पहले रस्सी से लालटेन नीचे डालें यदि लालटेन बुझ जाती है तो वहाँ पर ऑक्सीजन की कमी है। साथ ही वहां पर ज़हरीली गैस भी हो सकती हैं। ऐसे कुएँ के अंदर कदापि न उतरें। यदि कोई व्यक्ति सूखे कुएं में दुर्घटना का शिकार हो जाता है, तो बचाव की स्थिति में कदम उठाए जाने चाहिए।

**तत्काल कार्रवाई और सुरक्षा**

बिना उचित प्रशिक्षण और सुरक्षा उपकरणों के कुएं में उतरने का प्रयास न करें। इससे खतरे में पड़ सकते हैं। यदि कुँए में कोई फँस गया हो तो तत्काल मदद के लिए कॉल करें। यह कॉल आपातकालीन सेवाओं (जैसे पुलिस, अग्निशमन दल, बचाव दल) को किए जाएँ। उन्हें दुर्घटना का स्थान और स्थिति की जानकारी दें। क्षेत्र को सुरक्षित करें। कुएं के आसपास के क्षेत्र को खाली कराएं ताकि अन्य लोग खतरे में न पड़ें।

**मूल्यांकन और योजना**

स्थिति का आकलन करें और यदि संभव हो, तो दूर से या सुरक्षित दूरी से दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की स्थिति का आकलन करें (चेतना, सांस लेना, चोटें) । बचाव योजना बनाएं और आपातकालीन सेवाओं के पहुंचने पर उनकी मदद करें।

**बचाव कार्य**

बचाव कार्य केवल प्रशिक्षित और उचित उपकरणों से लैस बचाव दल द्वारा ही किया जाना चाहिए। बचाव दल को उचित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई), श्वास सुरक्षा उपकरण, हार्नेस, रस्सियां और अन्य आवश्यक उपकरणों का उपयोग करना चाहिए। यदि संभव हो, तो कुएं के अंदर के वायुमंडल की निगरानी करें ताकि खतरनाक गैसों या ऑक्सीजन की कमी का पता चल सके। दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को सुरक्षित रूप से कुएं से बाहर निकालने के लिए उचित तकनीकों का उपयोग करें। इसमें रस्सियों, स्ट्रेचर या अन्य बचाव उपकरणों का उपयोग शामिल हो सकता है।

**प्राथमिक चिकित्सा और चिकित्सा सहायता**

कुएं से निकालने के बाद दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को तुरंत प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करें। यदि आवश्यक हो, तो उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए अस्पताल ले जाएं।

**बचाव के दौरान ध्यान रखने योग्य बातें**

बचाव कार्य में समय लग सकता है। धैर्य बनाए रखें और बचाव दल पर भरोसा रखें। बचाव दल के सदस्यों के निर्देशों का पालन करें। अपनी जान जोखिम में डालकर बचाव करने का प्रयास न करें। सूखे कुएं में दुर्घटना होने पर सबसे महत्वपूर्ण कदम तत्काल आपातकालीन सेवाओं को बुलाना और प्रशिक्षित बचाव दल की प्रतीक्षा करना है। अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देना और बचाव दल के निर्देशों का पालन करना महत्वपूर्ण है ताकि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को सुरक्षित रूप से बचाया जा सके।

# निगमायुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश



**ग्वालियर।** जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं का निराकरण गंभीरता के साथ संतुष्टिपूर्ण करें। इसके साथ ही जनसुनवाई के आवेदन अगले दिन ही संबंधित विभाग अधिकारी के पास उचित कार्यवाही हेतु पहुंच जाए। जिससे आवेदक को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बार बार जनसुनवाई के चक्कर न लगाने पडें। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने संबंधित अधिकारियों को जनसुनवाई में दिए। इसके साथ ही सभी क्षेत्रीय कार्यालय पर भी जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री मुनीष सिंह सिकरवार, श्री अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 23 ठाटीपुर निवासी श्री यश कंसाना ने आवेदन देते हुए हुए बताया कि श्री बलवंत सिंह द्वारा अवैध अतिक्रमण कर दुकान का संचालन कर रहा है। आवेदक ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 37 लक्ष्मीगंज मरघट के पास के निवासी गणों ने आवेदन देते हुए अवगत कराया कि सार्वजनिक नाले पर अतिक्रमण कर लिया है जिस कारण बरसात में जल भराव की समस्या होती है।

आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध में, रोशनीघर रोड निवासी श्रीमती लीला कुशवाह ने आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम गिरवाई की निजी कृषि भूमि एवं शासकीय भूमि पर बिना अनुमति के अवैध रूप से कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है। आवेदकों ने उचित कार्यवाही सहित अनेक समस्याओं के आवेदन आवेदकों ने निगमायुक्त को दिये। निगमायुक्त ने सुनवाई करते हुए कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित करते हुए बांकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई, नामांतरण आदि से संबंधित 37 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश निगमायुक्त ने दिए।

# निगम सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को दी विदाई



**ग्वालियर।** नेता प्रतिपक्ष श्री हरीपाल ने कहा कि आज निगम सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारी स्वस्थ्य रहें तथा उनका भविष्य उज्जवल। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को शाल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा कर्मचारियों के पीएफ की राशि बैंक खाते में पंहुचाई गई। इस अवसर पर उपनेता विपक्ष श्री रवि तोमर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव श्री बृजेश श्रीवास्तव ने किया। जलविहार स्थित सभा भवन में आयोजित सेवानिवृत कर्मचारियों के विदाई समारोह आज सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में परिषद से श्री राजेन्द्र श्रीवास्तव, सा.प्र. विभाग से श्री हरिकिशन शाक्यवार, राजस्व से श्री अशोक सेन, श्रीमती पार्वती बाई, स्वास्थ्य श्री प्रहलाद खरे, संपत्तिकर से श्री नरेन्द्र कांदू, सा.प्र. विभाग से श्री नरेन्द्र शर्मा, परिषद से श्री मनीराम कुशवाह, सफाई संरक्षक श्री दीपक पुत्र बाबूलाल, श्रीमती ताराबाई पत्नी श्री पूरन, श्री रामा पुत्र प्रभूदयाल, श्री लक्ष्मण पुत्र श्री भरोसी आदि शामिल हैं। विदाई समारोह में निगम के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनसम्पर्क कार्यालय के कार्यभारित लिपिक श्री राजेन्द्र श्रीवास्तव सेवा निवृत



**ग्वालियर।** नगर निगम के जनसम्पर्क कार्यालय में कार्यभारित लिपिक के पद पर कार्यरत श्री राजेन्द्र श्रीवास्तव आज शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्री श्रीवास्तव को भावभीनी विदाई दी गई। जनसम्पर्क कार्यालय फूलबाग में आयोजित कार्यक्रम में जनसम्पर्क अधिकारी श्री मधु सोलापुरकर, सहायक जनसंपर्क अधिकारी श्री हितेन्द्र भदौरिया, श्री प्रवीण भार्गव, श्री उमेश गुप्ता, श्री जितेन्द्र राठौर, श्री सुनील राजपूत, श्री रोहित गुर्जर, श्री विपिन यादव, श्री प्रदीप शाक्य, श्री छोटू भैया, श्री सोनू शाक्य, श्री बंटू, श्री कन्हैया एवं पत्रकार श्री नवीन परिहार, श्री सौरभ सक्सैना सहित सभी ने श्री राजेन्द्र श्रीवास्तव को विदाई एवं शुभकामनाएं दी।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजनांतर्गत 114 जोड़ों का विवाह आज शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजनान्तर्गत दिनांक 30 अप्रैल 2025 (बुधवार) अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में श्रीमंत माधव राव सिंधिया शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय झांसी रोड ग्वालियर पर निःशुल्क सामूहिक विवाह एवं निकाह अंतर्गत 114 जोडों का विवाह होगा। अपर आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजनान्तर्गत दिनांक 30 अप्रैल 2025 (बुधवार) अक्षय तृतीया शुभ मुहूर्त में श्रीमंत माधव राव सिंधिया शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय झांसी रोड ग्वालियर पर प्रातः 8 बजे से 114 जोडों का सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार, सभापति श्री मनोज सिंह तोमर एवं पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेगें। विवाह उपरांत वर-वधु को उपहार स्वरूप 49000 रूपये की राशि का चेक एवं विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

# महापौर लोकमंत्रणा अब माह के तृतीय गुरुवार को

**ग्वालियर।** आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार द्वारा की जाने वाली लोकमंत्रणा गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक माह के केवल तृतीय गरूवार को सुबह 11 से 01 बजे तक की जाएगी। महापौर लोकमंत्रणा में महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार द्वारा निगम के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठकर आम जनों की समस्यायें सुनकर और उनका मौके पर निराकरण के लिए की जाती है। सिटीसेन्टर स्थित निगम मुख्यालय के सभागार में ''महापौर लोकमंत्रणा'' कार्यक्रम के तहत आमजनों द्वारा जो समस्यायें बतायी जायेगी उनको पंजीबद्ध कर निराकरण किया जायेगा।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: JHS-N-W-16-25 — दिनांकः 25.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नामः** प्रोविशन आफ एसएंडटी वर्क इन कनेक्शन विथ यार्ड इम्प्रूवमेंट इन झाँसी-परौना सेक्शन (8 यार्ड)।

| | |
|---|---|
| **कार्य लागत लगभग :** ₹18217878.28 | **धरोहर राशि :** ₹241100.00 |
| **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** Nil | **निविदा खुलने की तिथिः** 19.05.2025 Time 15.00 |

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 12 माह

निविदा दिनांक 19.05.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। **730/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **वरि. मण्डल विद्युत अभियंता (क0वि), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा** द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नामः** आगरा मंडल के धौलपुर-पलवल व टूंडला-बयाना खंडों की पीएसआई परिसंपत्तियों का दो साल की अवधि के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध।

| निविदा संख्या | अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| AGCTRDT202509 | ₹2,58,71,743.68/- | ₹2,79,400/- |

**कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 24 माह, **1.** निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकते हैं। **2.** निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दि. **19.05.2025** को **15.00** बजे तक भरा जा सकता है। **727/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये **मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी** निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नामः** बीना-झाँसी सेक्शनः टीएसआर (पी) ऑफ़ 4 किमी. इन ललितपुर यार्ड बाय मैन्युअल मीन्स अंडर एडीईएन ललितपुर सब-डिवीजन

| ई-निविदा सूचना संख्या | अनुमानित लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|
| झाँसी-इन्जी.-सी-2025-64 | ₹13027740.25 | ₹215100.00 |

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 06 माह

**कार्य का नामः** झाँसी-बीना सेक्शन-रिपेयर ऑफ़ ड्रेनस एंड क्लीनिंग ऑफ़ सीवर लाइन, प्लेटफार्म मैनहोलस, इंस्पेक्शन चैम्बर्स इन दी जूरिडिक्शन ऑफ़ एसएसई/वर्क्स/ललितपुर अंडर एडीईएन/एम/ललितपुर फॉर 02 इयर्स पीरियड।

| ई-निविदा सूचना संख्या | अनुमानित लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|
| झाँसी-इन्जी.-सी-2025-65 | ₹6003102.96 | ₹120100.00 |

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 24 माह

**उपरोक्त दोनों निविदाओं हेतु निविदा बंद होने की तिथिः 22.05.2025 at 15:00 hrs.**
• निविदा दिनांक **22.05.2025** को **15.00** बजे तक आन लाईन जमा कर सकेगें। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। **719/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## संपादकीय

### क्या भारत, पाकिस्तान के खिलाफ वाटर बम्ब इस्तेमाल करेगा

एशियन स्टडी फॉर वॉटर मैनेजमेंट की प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत, पाकिस्तान के खिलाफ वाटर बार खड़ा कर सकता है।यह रिपोर्ट इस समय प्रकाशित हुई है जब भारत ने इंडस वैली ट्रीटी रद्द करने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 22 अप्रैल की आतंकी घटना के बाद भीषण विवाद हो गया है।इस हादसे में 25 निर्दोष पर्यटक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। लश्कर ए तैयबा के टीआरएफ नामक संगठन ने जिम्मेदारी ली है। भारत ने सीसीएस की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाए हैं जिनमें एक इंडस वैली ट्रीटी को रद्द कर दिया है।यह संधि 1960, में विश्व बैंक के अनुरोध पर पाकिस्तान को रावी व्यास सतलुज, चिनाव झेलम सिंध नदियों का जल उपलब्ध कराने के लिए की गई थी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक भारत सरकार ने केंद्रीय जल आयोग के इंजीनियरों को तुरंत सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है कि अगर सिंधु जल को पाकिस्तान जाने से रोकना हो तो किस प्रकार के निर्माण की जरूरत होगी। क्योंकि इन नदियों पर हाइड्रल पावर स्टेशन तो हैं लेकिन जल भराव क्षमता कितनी है और उसे अपग्रेड करने के लिए कौन कौन सी जगह बांध बनाने पड़ेंगे। केंदीय वाटर रिसोर्स मंत्रालय,को भी सक्रिय किया गया है। सेंटर फॉर इंडियन ओसियन वाटर मैनेजमेंट पुणे के डायरेक्टर डॉ भूले को दिल्ली तलब किया गया है।कुल मिलाकर मोदी सरकार ने पाकिस्तान को वाटर बॉम्ब के जरिए सबक सिखाने की ठान ली है। जानकारी के अनुसार पानी को रोकना या एक दम छोड़ देना भी एक तरह का हथियार है। रावी व्यास सतलुज नदियों में पानी का प्रवाह काफी तेज होता है क्योंकि ये नदियां काफी ऊंचाई से गिरती हैं। पाकिस्तान में पिछले 70 वर्षों में कैनाल सिस्टम बना है तो इनका पानी नहरों में बह कर सिंचाई परियोजना के काम आता है। ब्रिटिश ने भी आजादी से पहले कुछ नहरें लाहौर, पेशावर, कराची में बनाई थी बाद में इनका विस्तार भी हुआ है। लेकिन अगर भारत की ओर से पानी अचानक छोड़ा गया तो पाकिस्तान में तबाही तय है।इसी लिए आज पाकिस्तान के हुक्मरान ने कहा है कि भारत पानी से लड़ेगा तो युद्ध माना जाएगा। पाकिस्तान ने आज सिंधु जल समझौता आयोग में आपत्ति दर्ज कराई है कि भारत इंडस वैली ट्रीटी के तहत हाइड्रल डेटा शेयर नहीं कर रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत संघ ने वाटर बॉम्ब का इस्तेमाल हंगरी पोलैंड चेकोस्लोवाकिया के खिलाफ किया था। अभी हाल ही में यूक्रेन ने रूस एक बांध तोड़ कर पूर्वी रूस में तबाही मचाई थी। लेकिन पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो भारत के वाटर बॉम्ब को झेलना तो दूर बाढ़ को भी नहीं रोक पाएगा। लेकिन विशेषज्ञ का मत है कि हाल फिल हाल भारत को तैयारी के लिए साल भर तक लग सकता है क्योंकि पानी रोकने के लिए

# छत्तीसगढ़ में लिखा जा रहा है ग्रामीण आवास क्रांति का नया इतिहास

नसीम अहमद खान

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य में इन दोनों ग्रामीण विकास एवं सामाजिक सशक्तिकरण का एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार एक अभिनव अभियान मोर दुवार- साय सरकार के माध्यम से गरीब ,वंचित और आवासहीन परिवारों के यहां दस्तक देकर उन्हें सम्मान के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर का अधिकार देने में जुटी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बीते दिनों जगदलपुर प्रवास के दौरान घाटपदमपुर ग्राम से इस अभियान की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री आवास योजना का तेजी से और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है । इस बात को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री का पद संभालने के दूसरे दिन ही कैबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान कर स्पष्ट कर दिया था। छत्तीसगढ़ सरकार इस अभियान के माध्यम से प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का आवास देने के अपने संकल्प को पूरा कर रही है।

छत्तीसगढ़ में चल रही ग्रामीण आवास क्रांति का ही यह परिणाम है कि अब गांवों में विशेषकर पिछड़े और गरीब तबके की बस्तियों में मिट्टी के जीर्णशीर्ण घरों और बांस- बल्ली के सहारे टिकी घास-फूंस की झोपड़ी की जगह अब साफ-सुथरे पक्के मकान बने हुए अथवा बनते दिखाई देने लगे हैं। राज्य के मैदानी इलाकों से लेकर सुदूर वनांचल का कोई ऐसा गांव अथवा मजरा- टोला नहीं, जहां 8-10 पक्के घर, प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए हाल-फिलहाल में न बने हों। यह योजना न केवल लाखों गरीब परिवारों को छत दे रही है, बल्कि रोजगार, व्यापार और उद्योगों को भी गति प्रदान कर रही है। इससे सीमेंट, ईट, सरिया और निर्माण सामग्री से जुड़े व्यवसाय में तेजी आयी है। यह जनकल्याण और आर्थिक विकास का एक संतुलित मॉडल है।

छत्तीसगढ़ राज्य को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए कुल 11,50,315 ग्रामीण आवासों का लक्ष्य प्रदान किया गया है, जिसमें से अब तक 9,41,595 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा छत्तीसगढ़ प्रवास दौरान राज्य को अतिरिक्त 3 लाख आवासों की स्वीकृति देने से यह प्रयास और भी व्यापक हो गया है। यह छत्तीसगढ़ के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी ग्रामीण आवासीय पहल है।



राज्य सरकार समाज के सभी वर्ग के पात्र परिवारों के साथ-साथ बैगा, कमार, पहाड़ी कोरवा, अबूझमाड़िया एवं बिरहोर विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पक्का आवास उपलब्ध करा रही है। महासमुंद जिले के धनसुली गांव की कमार बस्ती में 15 से अधिक कमार परिवारों को पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पक्के आवास उपलब्ध कराए गए हैं। इससे इन जनजातीय परिवारों के जीवन में स्थायित्व आया है और वे शासन की अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार का मोर दुवार- साय सरकार अभियान 30 अप्रैल तक तीन चरणों में संचालित है, जिसमें पात्र हितग्राहियों का घर-घर जाकर सर्वेक्षण करना और ग्राम सभाओं के माध्यम से सूची का वाचन और शत-प्रतिशत पात्र परिवारों का कवरेज सुनिश्चित करने के साथ ही सर्वेक्षण पूर्ण करने वाले कर्मियों का सार्वजनिक सम्मान किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा गांव में जाकर सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ करना और हितग्राहियों से उनके बारे में जानकारी लेना इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पूरी तरह संवेदनशील और संकल्पित है।

इस अभियान को जन अभियान का स्वरूप देने के लिए जनप्रतिनिधियों, जनसेवियों और स्थानीय कलाकारों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। पीएम आवास पंचायत एम्बेसडर के रूप में नामित व्यक्तियों द्वारा भी लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। गृह पोर्टल के माध्यम से पारदर्शिता एवं जानकारी की सहज उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अतिरिक्त, राज्य में जरूरत मंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत 47,090 आवासों के निर्माण के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 38,632 आवास स्वीकृत किए गए हैं। राज्य सरकार की विशष पहल पर आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ितों परिवारों के लिए 15,000 विशेष आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनका निर्माण कराया जा रहा है। पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों के लिए 42,326 आवास के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब तक 27,778 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसमें से 6,482 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है। नियद-नेल्ला-नार योजना के अंतर्गत अब तक 477 आवास पूर्ण कराए गए हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन बिलासपुर से 3 लाख हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराना इस योजना की सफलता है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा 18 लाख पात्र हितग्राहियों को आवास से वंचित रखा गया। छत्तीसगढ़ सरकार अब हर हितग्राही को उसका अधिकार दिलाने की दिशा में काम कर रही है। मोर दुवार- साय सरकार महाअभियान शासन की संवेदनशीलता, नीति की पारदर्शिता और जनता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह अभियान केवल योजना की सफलता नहीं, बल्कि एक मजबूत, सशक्त और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# त्रेता और द्वापर युग से चिरंजीवी है भगवान परशुराम!

**विष्णु का छठा अवतार माना जाता है।जबकि श्रीराम सातवें अवतार थे। भगवान परशुराम का जन्म 5142 वि.पू. वैशाख शुक्ल तृतीया के प्रथम प्रहर में हुआ था। इनका जन्म सतयुग और त्रेता का संधिकाल भी माना जाता है।भगवान परशुराम का जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग के समय में हुआ। जन्म तिथि अक्षय तृतीया होने कारण इसी दिन परशुराम जयंती मनाई जाती है। साहित्यकार शिवकुमार सिंह कौशिकेय द्वारा किये गए एक शोध के तहत परशुराम का जन्म वर्तमान बलिया के खैराडीह में बताया गया है। उत्तर प्रदेश के शासकीय बलिया गजेटियर में परशुराम का चित्र सहित संपूर्ण विवरण उपलब्ध होना बताया गया है। एक किंवदंती में मध्यप्रदेश के इंदौर के पास स्थित महू से कुछ ही दूरी पर स्थित जानापाव की पहाड़ी पर भगवान परशुराम का जन्म होना बताया गया है। यहां पर परशुराम के पिता ऋर्षि जमदग्नि का आश्रम है। कहते हैं कि प्रचीन काल में इंदौर के पास ही मुंडी गांव में स्थित रेणुका पर्वत पर माता रेणुका रहती थीं......**

भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम चिरंजीवी हैं। वे भगवान श्रीराम के समय भी थे और भगवान श्रीकृष्ण के समय भी मौजूद रहे,वही आज भी उन्हें साक्षात जीवित देव ही माना जाता है।



भगवान परशुराम ने ही श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र उपलब्ध कराया था। किदवदन्ति है कि महेंद्रगिरि पर्वत भगवान परशुराम की तपस्या स्थली रही है और उसी पर्वत को कल्पांत तक तपस्या के लिए उन्होंने चुना।कहते है, एक बार भगवान गणेश ने परशुराम को शिव दर्शन करने से रोक दिया था ,जिससे रुष्ट होकर परशुराम ने उन पर अपने फरसे से प्रहार किया, जिससे उनका एक दांत टूट हो गया और तभी से वे एकदंत हो गए। त्रेतायुग में सीता स्वयंवर में शिव धनुष टूटने पर वे पहले बहुत नाराज हुए और फिर क्रोध शांत होने पर श्रीराम का सम्मान भी किया।द्वापर युग में उन्होंने असत्य वचन के लिए दंड स्वरूप कर्ण को सारी विद्या विस्मृत होने का श्राप दिया था ,साथ ही भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्र विद्या प्रदान की थी।भगवान परशुराम को

विष्णु का छठा अवतार माना जाता है।जबकि श्रीराम सातवें अवतार थे। भगवान परशुराम का जन्म 5142 वि.पू. वैशाख शुक्ल तृतीया के प्रथम प्रहर में हुआ था। इनका जन्म सतयुग और त्रेता का संधिकाल भी माना जाता है।भगवान परशुराम का जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग के समय में हुआ। जन्म तिथि अक्षय तृतीया होने कारण इसी दिन परशुराम जयंती मनाई जाती है। साहित्यकार शिवकुमार सिंह कौशिकेय द्वारा किये गए एक शोध के तहत परशुराम का जन्म वर्तमान बलिया के खैराडीह में बताया गया है। उत्तर प्रदेश के शासकीय बलिया गजेटियर में परशुराम का चित्र सहित संपूर्ण विवरण उपलब्ध होना बताया गया है।

एक किंवदंती में मध्यप्रदेश के इंदौर के पास स्थित महू से कुछ ही दूरी पर स्थित जानापाव की पहाड़ी पर भगवान परशुराम का जन्म होना बताया गया है। यहां पर परशुराम के पिता ऋर्षि जमदग्नि का आश्रम है। कहते हैं कि प्रचीन काल में इंदौर के पास ही मुंडी गांव में स्थित रेणुका पर्वत पर माता रेणुका रहती थीं।

एक अन्य मान्यता में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में घने जंगलों के बीच स्थित कलचा गांव में स्थित एक शतमहला है। जमदग्नि ऋषि की पत्नी रेणुका इसी महल में रहती थीं और भगवान परशुराम को उन्होंने यही जन्म दिया था। शाहजहांपुर के जलालाबाद में जमदग्नि आश्रम से करीब दो किलोमीटर पूर्व दिशा में हजारों साल पुराने मन्दिर के अवशेष मिलते हैं जिसे भगवान परशुराम की जन्मस्थली कहा जाता है। महर्षि ऋचीक ने महर्षि अगत्स्य के अनुरोध पर जमदग्नि को महर्षि अगत्स्य के साथ दक्षिण में कोंकण प्रदेश मे धर्म प्रचार का कार्य करने लगे। कोंकण प्रदेश का राजा जमदग्नि की विद्वता पर इतना मोहित हुआ कि उसने अपनी पुत्री रेणुका का विवाह इनसे कर दिया। इन्ही रेणुका के पांचवें गर्भ से भगवान परशुराम का जन्म हुआ। जमदग्नि ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने के बाद धर्म प्रचार का कार्य बन्द कर दिया और राजा गाधि की स्वीकृति लेकर इन्होंने अपना जमदग्नि आश्रम स्थापित किया और अपनी पत्नी रेणुका के साथ वहीं रहने लगे। राजा गाधि ने वर्तमान जलालाबाद के निकट की भूमि जमदग्नि के आश्रम के लिए चुनी थी। जमदग्नि ने आश्रम के निकट ही रेणुका के लिए कुटी बनवाई थी आज उस कुटी के स्थान पर एक अति प्राचीन मन्दिर बना हुआ है जो आज ढकियाइन देवी के नाम से सुप्रसिद्ध है। भगवान परशुराम के लिए जहां अपने पिता की आज्ञा सर्वोपरि रही वही वे अपने क्रोध व शिव भक्ति के लिए भी जाने जाते है।कहा जाता है कि एक बार उन्होंने अपने पराक्रम से नदियों तक की दिशा मोड़ दी थी।वास्तव में

## निशिकांत दुबे का तल्ख अंदाज

वक्फ (संशोधन) अधिनियम के कुछ विवादास्पद प्रावधानों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा सवाल उठाए जाने पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तल्ख अंदाज में सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साधते हुए कहा कि कानून यदि शीर्ष अदालत ही बनाएगी को संसद भवन को बंद कर देना चाहिए।

दुबे ने 'एक्स' कर अपने पोस्ट में अपने कथन की बिना व्याख्या किए यह सब लिखा है। इसी तरह का बयान भाजपा के राज्य सभा सदस्य दिनेश शर्मा ने भी दिया है। अपने नेताओं के बयानों से घिरी भाजपा ने औपचारिक रूप से खुद को इन बयानों से अलग कर लिया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शब्द कहा कि दुबे या शर्मा के बयान उनके व्यक्तिगत विचार है, और पार्टी इनसे सहमत नहीं है।

भाजपा सांसदों के बयानों पर कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने पलटवार करते हुए इन बयानों को अपमानजनक बताया। दुबे और शर्मा की टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं, जब वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शीर्ष अदालत में सुनवाई चल रही है। यह अधिनियम इस महीने की शुरुआत में संसद ने पारित किया था। अदालत द्वारा इस कानून के कुछ विवादास्पद प्रावधानों पर सवाल उठाए जाने के बाद केंद्र सरकार ने अगली सुनवाई तक उन्हें लागू न करने पर सहमति व्यक्त की है।

इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा था कि देश में ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे और कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और 'सुपर संसद' के रूप में काम करेंगे। दरअसल, धनखड़ सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का जिक्र कर रहे थे जिसमें राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर विधेयक पर फैसला लेने की समय-सीमा तय की गई है। उनका कहना था कि पहली दफा है जब राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने को कहा जा रहा है।

शीर्ष अदालत द्वारा कोई सवाल उठाने या मौखिक टिप्पणी करने पर असहज होना परिपक्वता की कमी का परिचायक है। वैसे भी ये सवाल किसी राजनीतिक दल या व्यक्ति द्वारा नहीं उठाए थे कि इनमें राजनीतिक अर्थ खोजे जाएं। सुप्रीम कोर्ट और देश की तमाम अदालतें हमारे लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आर्थिक पक्ष को मजबूत बनाने हेतु कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं बनेंगी। आज दिन भर घर की व्यवस्था और सुधार संबंधी कामों में व्यस्तता रहेगी। बच्चों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं का समाधान करने से उनमें खुशी और आत्म बल बढ़ेगा। ऑफिस में अपने उचित कार्य प्रणाली से दूसरों के समक्ष सराहना का पात्र बनेंगे। आज आपको बड़ी सफलता मिलेगी साथ ही कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन उम्मीद से अच्छा रहेगा।

शुभ रंग- नीला
शुभ अंक- 7

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज आपकी मानसिक और आत्मिक सुख शांति बनी रहेगी। इच्छित कार्य समय पर पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा। आज जीवन में सब कुछ होते हुए भी कुछ खालीपन सा महसूस होगा। अपने ऊपर नकारात्मकता ना हावी होने दें और स्वयं को व्यस्त रखें। किसी धार्मिक स्थल पर जाकर कुछ समय व्यतीत करना आप को सुकून देगा। शारीरिक दृष्टि से आज आपकी हेल्थ फिट रहेगी। घर में सुख सुख- सौभाग्य बना रहेगा। जीवनसाथी को उपाह देंगें तो वह आपसे बेहद खुश हो जाएंगे।

शुभ रंग- लाल
शुभ अंक- 4

मिथुन राशि- आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज परिवार में किसी सदस्य की उपलब्धि से घर में खुशनुमा वातावरण रहेगा। मनोरंजन सम्बन्धी प्रोग्राम बना सकते है। आज थोड़ी-सी कोशिश से आप ऊंचे पद पर पहुंच सकते हैं। इस राशि के जो लोग सूचना प्रसारण से जुड़े हुए हैं आज उन्हें किसी बड़ी संस्था में काम करने का अवसर मिल सकता है। आज आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। बॉस को आज आपसे काफी उम्मीदें रहेंगी। आज कार्यक्षेत्र में पदोन्नती का अवसर प्राप्त हो सकता है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

शुभ रंग- हरा
शुभ अंक- 6

कर्क राशि- आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह सॉल्व हो जायेगी। आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा। पिता बच्चों के साथ गेमस खेलने का प्लान बना सकते हैं। आज दांपत्य जीवन में पहले से चल रही अनबन समाप्त होगी। आज अपने खर्चो पर नियंत्रण रखें। लंबे समय से रुके हुए कार्य आसानी से पूरे होंगे।

शुभ रंग- नारंगी
शुभ अंक- 1

सिंह राशि- आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी किसी अनजान व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है जो कि आपके लिए लाभदायक साबित होगा। आज संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आज आलस को अपने ऊपर हावी नहीं होने देंगे और अपने काम पर अधिक ध्यान देंगे। आज आप अपने आत्मविश्वास में कमी न आने दें। अपनी सोच सकारात्मक बनाए रखें और फिजूल की बातों में ना पड़ें। अगर आप किसी नए काम की शुरुआत कर रहे हैं, तो आज पूरा दिन व्यस्त रहने वाले हैं। मेहनत से सकारात्मक परिणाम जरूर मिलेंगे। कारोबार में आ रही समस्याएं खत्म होगी।

शुभ रंग- पिच
शुभ अंक- 9

कन्या राशि- आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी नजदीकी रिश्तेदार की समस्या को हल करने में आपकी विशेष भूमिका रहेगी। इससे आपकी छवि और व्यक्तित्व में और निखार आएगा। घर की जरूरत संबंधी आवश्यकताओं को लेकर मार्केटिंग में समय बीत सकता है। ऑफिस के सहकर्मी के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे। फिजूल की बातों से बचने की कोशिश करें, आवश्यकता पड़ने पर ही बोलें। आपको घर में भाई-बहन का सहयोग प्राप्त होगा, परिवार में सुख शांति बनी रहेंगी।

शुभ रंग- आसमानी
शुभ अंक- 8

तुला राशि- आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नए कार्यों को सीखने में लगेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आज आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। जीवनसाथी से प्यार और सहयोग मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का समय ठीक रहेगा। आज अपने गुस्से पर काबू रखे और बिना वजह किसी से न उलझें।

शुभ रंग- नीला
शुभ अंक- 2

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अपने लिए कुछ खास करने का प्लान बनायेंगे। शुरू किये हुए कार्यों को आज ही पूरा कर लेंगे 7 आज आप अपने रहन-सहन में बदलाव करने की सोचेंगे जिसमें आपको फायदा होगा। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हुए हैं आज समाज में उनकी काफी प्रशंसा होगी। पारिवारिक रिश्ते बेहतर होंगे घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। पिता की राय आपके भविष्य के लिए फायदेमंद होगी। कारोबार को बढ़ाने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा।

शुभ रंग- गुलाबी
शुभ अंक- 6

धनु राशि- पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण कार्य आज पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिये बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में जीवनसाथी की मदद मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे। आज आपके स्वभाव में संयम और धीरज बना रहेगा, जिसके कारण आप अपनी सभी समस्याओं का हल आसानी से ढूंढ लेंगे। व्यापार को बढ़ाने के नए तरीके आपके सामने आएंगे।

शुभ रंग- केसरिया
शुभ अंक- 9

मकर राशि- आज का दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं। महिलाएं आज घर के कामकाज समय पर निपटाने में सफल रहेंगी। आज रुठे हुए जीवनसाथी को मनाने के लिए उन्हें मनपसंद गिफ्ट दे सकते हैं। आज निर्णय लेते समय सोचङ्कसमझकर लें। किसी काम में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। स्वास्थ्य पर आज आपको ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

शुभ रंग- पीला
शुभ अंक- 4

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। सरकारी संबंधित काम करवाने के लिए आपको थोड़े धैर्य से काम लेना होगा। यदि छात्र किसी नए पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं तो आज का दिन अनुकूल है। बच्चों की कामयाबी पर आप गर्व महसूस करेंगे। पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। भाई-बहनों का सहयोग मिलता रहेगा।

शुभ रंग- गुलाबी
शुभ अंक- 3

मीन राशि- आज का दिन फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं। आज का दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है। आज अपना पूरा ध्यान अपनी जिम्मेदारियों पर रखें। हर काम ईमानदारी से पूरा करने की कोशिश करें, आपको सफलता हासिल जरूर होगी। अगर आज किसी को प्रपोज करना चाह रहे हैं तो कर सकते है, आपकी किस्मत आपका साथ जरूर देगी। बेरोजगारों को रोजगार मिलने के योग है। आज आप दूसरों की परेशानियों को समझने की कोशिश करेंगे।

शुभ रंग- हरा

# रिलायंस इंडस्ट्रीज ने दिया सहारा...मंगलवार को हरे निशान पर बंद हुआ बाजार

**मुंबई, (ए.)।** वैश्विक बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार सोमवार की बढ़त को कायम रखते हुए मंगलवार को हरे निशान पर बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में लगातार दूसरे दिन तेजी ने बाजार को बढ़त बनने में अहम भूमिका निभाई।

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 100 से ज्यादा अंक चढ़कर 80,396.92 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 80,661.31 अंक तक चढ़ गया था। अंत में सेंसेक्स 70.01 अंक की बढ़त लेकर 80,288.38 पर बंद हुआ। इसतर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी पॉजिटिव शुरुआत लेकर 24,370.70 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान यह 24,457.65 अंक के शीर्ष तक गया। अंत में यह 7.45 अंक की मामूली बढ़त लेकर 24,335.95 पर बंद हुआ।

इंडेक्स हैवीवेट रिलायंस इंडस्ट्रीज लगातार दूसरे ट्रेडिंग सेशन में सबसे ज्यादा लाभ में रही और कंपनी ने बीएसई बेंचमार्क को हरे निशान में बंद होने में काफी हद तक मदद की। रिलायंस का शेयर मंगलवार को 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1,399 पर बंद हुआ और बीएसई बेंचमार्क में 180 अंकों का योगदान दिया। इसके अलावा टेक महिंद्रा,




इटरनल (पूर्व में ज़ोमैटो), एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फिनसर्व, इंफोसिस और टीसीएस लाभ में रहने वाले अन्य प्रमुख शेयरों रहे। इनमें 1 से 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं अल्ट्राटेक सीमेंट और सन फार्मा में 2 प्रतिशत की गिरावट आई। पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, एसबीआई और नेस्ले इंडिया भी प्रमुख रूप से गिरावट में बंद हुए।

**वैश्विक बाजारों से क्या संकेत?**

अमेरिकी शेयर बाजार ने उतार-चढ़ाव भरे सेशन को हरे निशान पर बंद किया। एसएंडपी 500 में 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 5,528.75 पर बंद हुआ। नैस्डैक कंपोजिट में 0.1 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 17,366.13 पर बंद हुआ। डॉव जोन्स 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 40,227.59 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 से जुड़े फ्यूचर्स 0.08 प्रतिशत चढ़े। जबकि नैस्डैक 100 वायदा 0.11 प्रतिशत और डॉव जोन्स फ्यूचर्स 0.05 प्रतिशत चढ़ा।

**बढ़त के साथ खुले स्थानीय शेयर बाजार**

**- सेंसेक्स 80,627.85 पर, निफ्टी 24,400 स्तर से ऊपर**

**मुंबई, (ए.)।** वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेतों की वजह से मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में पीएसयू बैंक, ऑटो और आईटी सेक्टर में खरीदारी दर्ज की गई। सुबह खुलते ही सेंसेक्स 409.4 अंक बढ़कर 80,627.85 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 118.10 अंक चढ़कर 24,446.60 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी बैंक 492.90 अंक बढ़कर 55,925.70 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 490.90 अंक बढ़कर 54,931.15 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 183.15 अंक चढ़कर 16,860.05 पर कारोबार कर रहा था। विश्लेषकों के अनुसार सकारात्मक शुरुआत के बाद निफ्टी को 24,250 पर समर्थन मिल सकता है। उच्च स्तर पर 24,500 तत्काल प्रतिरोध हो सकता है, इसके बाद 24,600 और 24,700 पर प्रतिरोध होंगे। सेंसेक्स पैक में इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स,



वाशिंगटन, डीसी, यूएसए; राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस में सुपर बाउल एलआईएक्स चैंपियन फिलाडेल्फिया ईगल्स को सम्मानित किया।

## रुपया 27 पैसे मजबूत होकर 84.96 प्रति डॉलर पर, रुपया सोमवार को 85.23 पर बंद हुआ था

**मुंबई, (ए.)।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.06 पर खुला। फिर बढ़त के साथ 84.96 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 27 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को 18 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.23 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.18 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत के विनिर्माण व औद्योगिक उत्पादन दोनों में तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो घरेलू मांग की स्थिति को दर्शाता है। इसके अलावा विदेशी पूंजी प्रवाह में उछाल से घरेलू बाजारों में मजबूत तेजी ने भावनाओं को और बढ़ावा दिया।

# पेट्रोल-डीजल 1 मई से हो सकता है 1.30 रुपए महंगा!

**- केरोसिन की कीमत भी बढ़ सकती है 1.35 रुपए**

**नई दिल्ली, (ए.)।** वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जिससे घरेलू बाजार भी प्रभावित हो रहा है। इसी की वजह से पेट्रोल-डीजल के दाम में बदलाव देखने को मिल रहा है। हालांकि बीते दिनों कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, जिसके बाद ये माना जा रहा है कि 1 मई से पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़ सकते हैं। इस संबंध में अधिकारिक तौर पर बुधवार को अधिसूचना जारी की जा सकती है। जानकारी के अनुसार पेट्रोल-डीजल के दाम में 30 अप्रैल रात 12 बजे के बाद से 1.30 रुपए बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं केरोसिन की कीमत भी 1.35 रुपए बढ़ सकते हैं। बता दें कि हाल ही में यहां की सरकार ने पेट्रोल पर लेवी 8.02 रुपये बढ़ाकर 78.02 रुपए प्रति लीटर और हाई स्पीड डीजल पर लेवी 7.01 रुपए बढ़ा दी थी। हालांकि इसका असर आम जनता पर नहीं पड़ा। फिलहाल ब्रेंट क्रूड की कीमत 65.52 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमत 61.87 डॉलर प्रति बैरल पर बनी हुई है। ऐसा मुख्य रूप से बाजार में अधिक आपूर्ति की उम्मीदों और अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वार्ता को लेकर अनिश्चितता के दबाव में हुआ है।



# सोने की कीमतों में गिरावट, चांदी भी नरम पड़ी

**- सोना 95,300 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी 96,250 रुपए के करीब**



**नई दिल्ली, (ए.)।** सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव मंगलवार गिरावट के साथ खुले। इस समय घरेलू बाजार में सोने के भाव 95,300 रुपये, जबकि चांदी के भाव 96,250 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वै?श्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट 225 रुपये की गिरावट के साथ 95,800 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 96,025 रुपये था। इस समय यह 714 रुपये की गिरावट के साथ 95,311 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 95,800 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 95,311 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने पिछले सप्ताह 99,358 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रैक्ट 77 रुपये की नरमी के साथ 96,387 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 96,464 रुपये था। इस समय यह 185 रुपये की गिरावट के साथ 96,279 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 96,387 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 96,254 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,01,999



रोम, इटली में लाज़ियो और पर्मा के बीच सीरी ए फ़ुटबॉल मैच के दौरान लाज़ियो की तिजानी नोसलिन (दाएं) पर्मा के एनरिको डेलप्रेटो के साथ प्रतिस्पर्धा करती हुई।

## हर्षित राणा को डगआउट में गंभीर के आभा और रोमांच की कमी हो रही महसूस

**नई दिल्ली, (ए.)।** भारतीय टीम के गेंदबाज हर्षित राणा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मंगलवार को होने वाले आईपीएल मैच से पहले कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स के डगआउट में गौतम गंभीर से जुड़ी आभा और रोमांच की कमी उन्हें महसूस हो रही है। गंभीर के कोच रहते हर्षित ने 2024 आईपीएल में 19 विकेट लिए थे। केकेआर ने पिछले साल खिताब भी हासिल किया था। पिछले एक साल में हर्षित ने भारत के लिए तीनों प्रारूपों में खेला। केकेआर ने इस सत्र में अभी तक 6 अंक हासिल किए हैं और तालिका में सातवें स्थान पर है। हर्षित ने कहा कि सहयोगी स्टाफ वही है। अभिषेक नायर भी लौट आए हैं। चंदू सर, ड्वेन ब्रावो सभी अच्छे हैं, लेकिन मुझे उस समय के रोमांच की कमी खल रही है। मैं अपने बारे में बोल रहा हूं। उन्होंने कहा कि आपको पता है कि गंभीर की एक आभा हैं, जिस तरह से वह टीम को लेकर चलते हैं। आस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई ने नायर को सहायक कोच के पद से हटा दिया था जिसके बाद वह केकेआर में लौटे हैं। हर्षित ने कहा कि नायर के वापस आने से काफी बदलाव होंगे क्योंकि वह चतुर हैं। वह हालात को बखूबी पढ़ लेते हैं और केकेआर टीम से अच्छी तरह वाकिफ हैं।

# पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स

**चेन्नई, (ए.)।** आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स की स्थिति इस बार बेहद खराब रही है और टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। बुधवार को चेन्नई के अपने घरेलू मैदान चेपक स्टेडियम में उसका सामना पंजाब किंग्स से होगा, जहां टीम अपनी किस्मत बदलने की आखिरी कोशिश करना चाहेगी। अब तक खेले गए नौ मैचों में चेन्नई को सिर्फ दो जीत मिली हैं और 7 मैचों में हार का सामना करना पड़ा। इस समय वह अंकतालिका में सबसे निचले स्थान पर है। वहीं पंजाब किंग्स पांच जीत के साथ पांचवें स्थान पर है और चेन्नई को हराकर वह अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहेगी।

चेन्नई के लिए सबसे बड़ी परेशानी रही है उसका खुद का घरेलू मैदान, जहां टीम इस सीजन में लय नहीं पकड़ पाई। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की चोट के बाद कमान संभालने वाले महेंद्र सिंह धोनी भी टीम में जोश भरने में सफल नहीं हो सके हैं। धोनी ने खुद स्वीकार किया है कि टीम अभी तक सही योजना नहीं बना पाई है और पावरप्ले के दौरान बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में संघर्ष कर रही है।




मैच में कई दिलचस्प व्यक्तिगत भिड़ंत देखने को मिल सकती हैं। चेन्नई के युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे की भिड़ंत पावरप्ले में अर्शदीप सिंह से हो सकती है, जबकि बीच के ओवरों में शिवम दुबे और युजवेंद्र चहल के बीच मुकाबला देखने लायक होगा। चहल शानदार फॉर्म में हैं और चेन्नई का मध्यक्रम उनकी चुनौती से कैसे निपटता है, यह अहम रहेगा।

पंजाब की ओर से प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य लगातार शानदार शुरुआत दे रहे हैं, जिन्हें रोकने की जिम्मेदारी खलील अहमद पर होगी। कप्तान श्रेयस अय्यर एक स्थिर बल्लेबाज के रूप में टीम के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं और चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद को उन्हें रोकने की जिम्मेदारी निभानी होगी। धोनी अब भी 43 की उम्र में एक फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन चेन्नई के अन्य बल्लेबाजों विजय शंकर, दीपक हुड्डा और राहुल त्रिपाठी को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में जड़ेजा, अश्विन और पथिराना का संघर्ष भी टीम के लिए चिंता का विषय रहा है। पंजाब के पास अर्शदीप, चहल और मार्को यानसन जैसे संतुलित गेंदबाज हैं जो चेन्नई को कड़ी चुनौती दे सकते हैं।

संभावित प्लेइंग 11 =

चेन्नई सुपर किंग्स = शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, दीपक हुडा, सैम कुरेन, रवींद्र जड़ेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, एमएस धोनी (विकेटकीपर/कप्तान), नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना

पंजाब किंग्स = प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, श्रेयस अय्यर (कप्तान), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, शशांक सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को जानसन, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल समय = शाम 7=30 बजे।

# वैभव सूर्यवंशी ने बर्बाद कर दिया अफगानी पेसर करीम का क्रिकेट करियर

**आईपीएल में अपने डेब्यू मैच के पहले ओवर में 30 रन देने वाले खिलाड़ी**

**नई दिल्ली, (ए.)।** अफगानी पेसर करीम जनत को आईपीएल में डेब्यू कैप 28 अप्रैल को मिली। गुजरात टाइटन्स ने उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल किया। करीम के सामने 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी थे, लेकिन वैभव ने कमाल की बल्लेबाजी कर अफगानी पेसर का आईपीएल करियर शुरू होने से पहले ही खत्म कर दिया। बात दें कि भारत में टी20 क्रिकेट में पिछले दो ओवरों में करीम जनत ने 66 रन लुटा दिए हैं। करीम वैभव के सामने गेंदबाजी करने के लिए उतरे। करीम की पहली गेंद पर वैभव ने छक्का जड़ा, दूसरी गेंद पर चौका लगाया, तीसरी गेंद पर फिर से छक्का जड़ दिया। इसके बाद चौथी और पांचवीं गेंद पर फिर से चौके जड़े और आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर कुल 30 रन ओवर में वैभव ने जड़े। इसके बाद करीम को एक भी ओवर कप्तान शुभमन गिल ने नहीं दिया। यहां तक कि वे कुछ ओवर के बाद आउट भी हो गए थे। ये अपने आप में करीम के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड है, क्योंकि आईपीएल डेब्यू में कभी किसी भी गेंदबाज ने अपने पहले ओवर में 25 से ज्यादा रन नहीं दिए। 2019 में पंजाब किंग्स के लिए खेलकर वरुण चक्रवर्ती ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 25 रन दिए थे। अब 2025 में 30 रन करीम ने लुटाए। इसके अलावा टी20 क्रिकेट में पिछले दो ओवरों में भारत में खेलते हुए करीम जनत ने कुल 66 रन लुटा दिए हैं। दरअसल, इंडिया और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज का आखिरी मुकाबला बीते साल बेंगलुरू में खेला गया था। उस मैच में आखिरी ओवर करीम ने फेंका था। उस ओवर में करीम जनत ने रोहित शर्मा और रिंकू सिंह के खिलाफ कुल 36 रन लुटाए थे। इस तरह उनके पिछले दो ओवरों में भारत में 66 रन गए हैं।



**वैभव के मुरीद हुए शुभमन गिल, ये उनका दिन था**

**मुंबई, (ए.)।** गुजरात टाइटन्स के खिलाफ गर्दा उड़ाने वाले वैभव सूर्यवंशी की तारीफ जीटी के कप्तान शुभमन गिल ने भी की। वैभव ने 11 छक्के और सात चौकों की मदद से आईपीएल के इतिहास के दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा। इसके अलावा वैभव सबसे कम उम्र में शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बने। गिल ने कहा कि ये उनका दिन था, जिसका उन्होंने खूब फायदा उठाया। गिल ने मैच के बाद कहा, उन्होंने पावरप्ले में गेम छीन लिया और

# हरियाणा ओलंपिक खेलों की तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी

**हरियाणा ओलंपिक संघ की अध्यक्ष का बयान**

**चंडीगढ़, (ए.)।** हरियाणा के खिलाड़ियों के लिए एक अहम खबर आई है। हरियाणा ओलंपिक संघ (एचओए) की अध्यक्ष मीनू बेनीवाल ने बताया कि इस साल आयोजित होने वाले हरियाणा ओलंपिक खेलों की तारीख जल्द तय होगी। मीनू बेनीवाल के अनुसार, 30 मई 2025 तक इन खेलों की तिथि निर्धारित होगी, जिससे राज्य के खिलाड़ियों को एक नया मौका मिलेगा।

बीते कई सालों से हरियाणा ओलंपिक खेलों का आयोजन राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण रुक हुआ था, इससे राज्य के हजारों खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का मौका नहीं मिल सका। मीनू ने मुद्दे पर टिप्पणी कर कहा कि बीते 15 वर्षों में हरियाणा राज्य खेलों का आयोजन न होने के कारण करीब पंद्रह हजार खिलाड़ियों को न नौकरी मिली और न ही उन्हें किसी मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि अगर हर साल हरियाणा ओलंपिक होते, तब सैकड़ों खिलाड़ी हर साल पदक जीतकर सरकारी नौकरी पाते।

बेनीवाल ने तैराकी सुविधाओं की सराहना कर हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री की प्रशंसा की, जिनकी मदद से राज्य में खिलाड़ियों को बेहतरीन बुनियादी सुविधाएं मिली हैं। एचओए अध्यक्ष ने घोषणा की कि राज्य में हर जिले में कम से कम एक खेल को अपनाया जाएगा, जिससे राज्यभर में खेलों की सुविधाएं बढ़ेंगी और स्थानीय प्रतिभाओं को मौका मिलेगा।

साथ ही, हरियाणा ओलंपिक खेलों में 22 खेलों को शामिल किया जाएगा और इन खेलों को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्टता केंद्र बनाए जाएंगे। एचओए, भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) की तर्ज पर बाहरी पक्षों के साथ अनुबंध करके इन खेलों की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने का काम करेगा। मीनू बेनीवाल ने कहा कि यह आयोजन न सिर्फ खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन अवसर होगा, बल्कि राज्य की खेल संस्कृति को भी एक नई दिशा मिलेगी।

**आईपीएल में इतिहास रचने वाले वैभव को मिलेंगे दस लाख, सीएम नीतीश ने किया ऐलान**

**पटना, (ए.)।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ रिकॉर्ड तोड़ने वाले शतक के लिए 14 साल क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को 10 लाख रुपए का पुरस्कार देने की ऐलान किया। अपने शानदार प्रदर्शन से वैभव सूर्यवंशी ने टी20 प्रारूप के इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी। बिहार का रहने वाला यह छोटी उम्र का क्रिकेटर टी20 क्रिकेट में शतक बनाने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बन गया है और 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ क्रिस गेल के 30 गेंदों में वीरतापूर्ण प्रयास के बाद आईपीएल के इतिहास में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाला खिलाड़ी भी बना गया है।

वैभव की पारी को प्रसिद्ध कृष्णा की एक तीखी यॉर्कर की जरूरत पड़ी। हालांकि तब तक वह टीम को फिनिश लाइन तक ले आए थे। नीतीश ने राजस्थान की शानदार 8 विकेट की जीत के दौरान वैभव को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और मंगलवार को राज्य सरकार की ओर से 10 लाख रुपए के पुरस्कार की घोषणा की गई है। सीएम नीतीश ने एक्स पर लिखा आईपीएल के इतिहास में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने बिहार के वैभव सूर्यवंशी को बधाई और शुभकामनाएं। अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर वह भारतीय क्रिकेट के लिए नई उम्मीद बन गए हैं। सभी को उन पर गर्व है। मैं 2024 में वैभव और उनके पिता से मिला था और उस समय मैंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की थी। आईपीएल में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद मैंने उन्हें फोन पर भी बधाई दी थी।

# राज्य शासन के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों/परिवार पेंशनरों को देय महंगाई भत्ता और महंगाई राहत में वृद्धि किये जाने का निर्णय

## प्रदेश में 2000 मेगावाट सौर पार्क व 1000 मेगावाट कंपोजिट ऊर्जा भंडारण परियोजना स्थापित किए जाने की स्वीकृति राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति वर्ष 2025 की स्वीकृति

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा राज्य शासन के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों / परिवार पेशनरों को देय महंगाई भत्ते एवं मंहगाई राहत की दर में वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया है। महगाई भत्ता एवं मंहगाई राहत की स्वीकृति के फलस्वरूप एरियर राशि सहित राज्य शासन पर कुल व्यय भार 3500 करोड़ रूपये अनुमानित है।

मंत्रि-परिषद की बैठक राज्य शासन के सातवें वेतनमान प्राप्त कर रहे शासकीय सेवकों को 1 जुलाई, 2024 से 3 प्रतिशत की वृद्धि करते हुये कुल 53 प्रतिशत एवं 1 जनवरी, 2025 से 2 प्रतिशत की वृद्धि करते हुये कुल 55 प्रतिशत के मान से महंगाई भत्ता में वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया है। छठवें वेतनमान के कार्मिकों एव निगम / मंडल / उपक्रम के राज्य शासन में प्रतिनियुक्ति पर राज्य शासन में कार्यरत पांचवें एवं चौथे वेतनमान अंतर्गत कार्मिकों को समानुपातिक आधार पर मंहगाई भत्ता में वृद्धि के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया।

1 जुलाई, 2024 से 30 अप्रैल, 2025 तक की एरियर राशि का भुगतान जून 2025 से अक्टूबर 2025 तक पांच किश्तों में किया जाएगा। प्रथम किश्त भुगतान माह जून, 2025 ,द्वितीय किश्त भुगतान माह जुलाई, 2025, तृतीय किश्त भुगतान माह अगस्त, 2025, चतुर्थ किश्त भुगतान माह सितम्बर, 2025, पांचवी किश्त भुगतान माह अक्टूबर, 2025 में किया जायेगा।



1 जनवरी, 2024 से 30 सितम्बर, 2024 की अवधि में सेवानिवृत / मृत शासकीय सेवकों के संबंध में उन्हें/नामांकित सदस्य को एरियर राशि का भुगतान एकमुश्त किये जाने का निर्णय लिया गया। राज्य शासन के पेंशनर्स/परिवार पेंशनर्स को दिनाक 1 मार्च 2025 से सातवें वेतनमान अंतर्गत 53 प्रतिशत एवं छठवे वेतनमान अतंर्गत 246 प्रतिशत पेंशन राहत स्वीकृत करते हुये छत्तीसगढ़ शासन के पत्र दिनांक 12 मार्च 2025 पर सहमति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में 2000 मेगावाट सौर पार्क व 1000 मेगावाट कंपोजिट ऊर्जा भंडारण परियोजना स्थापित किए जाने की स्वीकृतिमंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश की बिजली मांग की अवधि एक दूसरे की पूरक होने के कारण मध्यप्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में पूरक आधार पर विद्युत प्रदाय के लिए मध्य प्रदेश में 2000 मेगावाट सौर पार्क व 1000 मेगावाट कंपोजिट ऊर्जा भंडारण परियोजना स्थापित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस परियोजना से दोनों राज्यों को पृथक-पृथक छः महीनों के लिए बिजली उपलब्ध होगी।

कृषि क्षेत्र में होने वाली विद्युत खपत, मध्यप्रदेश की विद्युत खपत का लगभग 41त्न भाग है। मध्यप्रदेश की जलवायु अनुरूप रबी फसलों के लिए माह अक्टूबर से मार्च के मध्य, कृषि क्षेत्र में सर्वाधिक विद्युत की मांग रहती है।नवकरणीय विद्युत उत्पादन परियोजनाओं का संचालन कृषि क्षेत्र में होने वाली विदयुत मांग के अनुरूप किया जाना चाहिए। कृषि क्षेत्र में मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की विद्युत आवश्यकलाएँ एक दूसरे की पूरक हैं, अर्थात जिस अवधि में उतर प्रदेश को विद्युत आवश्यकता अधिक होती है। (खरीफ माहों), उस अवधि में मध्यप्रदेश की विद्युत मांग कम होती है।

इसके विपरीत जिस अवधि में मध्यप्रदेश को



## बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर केवल दलितों के ही नहीं सभी वर्गों के मसीहा : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का व्यक्तित्व बहुत महान और विराट था। वे सामाजिक एकता के प्रबल पक्षधर थे। डॉ. अंबेडकर केवल दलितों के ही नहीं, सभी वर्गों के मसीहा हैं। डॉ. अंबेडकर को आगे बढ़ाने में ग्वालियर के राजा जीवाजी राव सिंधिया सहित बडौदा के महाराजा गायकवाड़ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। बाबा साहेब को अंबेडकर नाम उनके गुरू ने दिया था। जिसका उन्होंने जीवन पर्यंत सम्मान किया और उसे शिखर पर पहुंचाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को रवीन्द्र नाट्य गृह इन्दौर में डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान की जिला संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सहित नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार, पूर्व राज्यसभा सदस्य श्री नारायण सिंह केसरी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायकगण श्री महेन्द्र हार्डिया, श्री रमेश मैंदोला, श्रीमती मालिनी गौड़, पूर्व महापौर श्री कृष्णमुरारी मोघे, सफाई कामगार आयोग के अध्यक्ष श्री प्रताप करोसिया, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर, श्री सुमित मिश्र, श्री राघवेन्द्र गौतम तथा डॉ. निशांत खरे विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम केन्द्र और राज्य शासन कर रही है। बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने जन्म लिया, जिस स्थान पर जहॉ पर शिक्षा पाई तथा उनसे जुड़े अन्य सभी महत्वपूर्ण स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने का काम सरकार ने किया है। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल दलितों के ही नहीं सभी वर्गों के महान नेता थे, जिनको पूरी दुनिया सुनती थी। वे चाहते थे कि देश का हर व्यक्ति पढ़े-लिखे और आगे बढ़े। उनमें मानवता कूट-कूट के भरी थी और वे सबको एक दृष्टि से देखते थे। डॉ. अंबेडकर ने जो संविधान लिखा वो केवल एक कानून का दस्तावेज नहीं होकर जीवन जीने की एक पद्धति है, जिसका सम्मान आज पूरी दुनिया में भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने अपनी शिक्षा-दीक्षा और कार्यो से पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि कोई भी कार्य कठिन और असंभव नहीं है। उनके कार्य से समाज को प्रेरणा मिलती है, आत्मविश्वास बढ़ता है और एक नई ऊर्जा मिलती है। डॉ. अंबेडकर ने सबको समानता के साथ जीवन जीने के साथ-साथ उड़ान भरने का अवसर प्रदान किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती राजे ने इंदौर की स्वच्छता की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां की जनता ने सफाई को अपना संस्कार बनाया है। यही वजह है कि इंदौर स्वच्छता में लगातार 7 वर्षो से नम्बर-वन है। नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तुलना दक्षिण अफ्रीका के अश्वेत नेता डॉ. नेल्सल मंडेला और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति मॉर्टिन लूथर किंग से करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने करीब 80 करोड़ भारतीयों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

## स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती का कार्य शीघ्रता से करें

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती का कार्य एक निश्चित समय-सीमा का निर्धारण कर शीघ्रता से पूरा किया जाए। उन्होंने वर्तमान में चल रही भर्ती प्रक्रिया की अद्यतन जानकारी भी प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंगलवार को मंत्रालय में यह निर्देश स्वास्थ्य, सामान्य प्रशासन विभाग और कर्मचारी चयन मण्डल के अधिकारियों की बैठक में दिये।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आवश्यकता होने पर नियमों में आवश्यक संशोधन करने और प्रक्रिया को सरल करने के संबंध में भी प्रस्ताव तैयार करें। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मियों को और सुविधा दिये जाने, विभाग के चतुर्थ श्रेणी अस्पताल सहायक के 1200 रिक्त पदों की पूर्ति के लिये परीक्षा प्रारूप और पाठ्यक्रम निर्धारण करने के भी निर्देश दिये गये।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बैठक में कहा कि 24 घंटे सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों की सेवाओं को ध्यान में रखते हुए उनके हित में बनने वाले प्रस्तावों को गंभीरता से लें। उन्होंने कहा कि वित्त और सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर की जाये। स्वास्थ्य कर्मियों की बेहतरी के लिये प्रस्ताव तैयार करे।

उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर करने तथा कर्मचारियों के ग्रेड-पे और एनएचएम कर्मियों को नियमित कर्मचारियों के समतुल्य सुविधाएं देने आदि पर विचार करने को कहा।

बैठक में आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी, संचालक श्रीमती मलिका निगम नागर, संचालक कर्मचारी चयन मण्डल श्री संकेत मालवीय और सचिव सामान्य प्रशासन विभाग श्री अनिल सुचारी भी मौजूद थे।

### घर के बाहर साइकिल चला रही मासूम को कुचला

**इन्दौर।** एक दर्दनाक सड़क हादसे में नगर निगम की कचरा गाड़ी ( डंपर) चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते आठ वर्षीय मासूम बालिका को अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद डंपर चालक और उसका सहायक कूदकर फरार हो गए। गुस्साए रहवासियों ने कचरा गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। सूचना ने बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण पाया। हादसा आजादनगर थाना क्षेत्र के मूसाखेडी का है। मृतक बालिका का नाम निहारिका पिता सोनू बलोने निवासी तुलसी नगर मूसाखेड़ी है। बताया जा रहा है कि जब हादसा हुआ वह अपने घर के बाहर साइकिल चला रही थी तभी लापरवाही पूर्वक तेज गति से निगम का डंपर आया जिससे घबराकर वह गिर गई और अनियंत्रित लापरवाही पूर्वक चलाते कचरा गाड़ी चालक ने उसको रौंद दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार निगम की

## वर्दी पर हमला कर फाड़ने वालो ने लगाये पुलिस हमारी बाप है के नारे-तीन आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस ने निकाला जुलूस, बीएनएस की धारा 196 का इज़ाफा



**भोपाल।** रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर शराब पीने से मना करने पर ड्यूटी पर तैनात जीआरपी जवान से मारपीट कर उसकी वर्दी फाड़ने वाले तीनों मुख्य आरोपियों को जीआरपी भोपाल ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रेलवे राहुल कुमार लोढ़ा और उप पुलिस अधीक्षक बिट्टू शर्मा के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का हबीबगंज इलाके में जुलूस निकाला। इस दौरान , आरोपी पुलिस हमारी बाप है, पुलिस पर हाथ उठाना पाप है के नारे लगाते नजर आए। गौरतलब है कि 26-27 अप्रैल की दरम्यानी रात करीब 1:30 बजे रानी कमलापति स्टेशन परिसर की पार्किंग में एक कार में महिला सहित तीन युवक शराब पी रहे थे। मौके पर ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक नजर दौलत खॉन ने जब उन्हें शराब पीने से मना करते हुए वहॉ से जाने को कहा तब आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौच करते हुए पुलिस वाहन में ही उनके साथ जमकर मारपीट करते हउु वर्दी फाड़ दी। इतना ही नहीं आरोपी ने धार्मिक आधार पर आपत्तिजनक टिप्पणियां भी कीं। बाद में भीड़ का फायदा उठाकर दो आरोपी और महिला मौके से फरार हो गए, जबकि एक आरोपी जितेंद्र यादव को मौके से ही पकड़ लिया गया था। अधिकारियो ने बताया की जीआरपी ने आरोपियों की तलाश के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने लगातार लांबाखेड़ा, करोंद, भानपुर और चौपड़ा जैसे इलाकों में दबिश देते हुए आखिरकार मंगलवार को आरोपियो को मनोहर डेरी, भोपाल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से काली स्कॉर्पियो भी जब्त की गई है, जिसका इस्तेमाल घटना के समय किया गया था। गिरफ्तार आरोपियो के नाम दिलीप अहिरवार (3), निवासी रुस्तमपुर, थाना निशातपुरा और अमन यादव बताये गये है। गौरतलब है कि गिरफ्तार मुख्य आरोपी दिलीप अहिरवार ने घटनास्थल पर भीड़ को भड़काने के इरादे से पिट रहे साथी पुलिस जवान नजर दौलत खॉन को बचाने आये अन्य पुलिसकर्मियों से कहा था की, तुम हट जाओ, तुम हिन्दू भाई हो, ये पुलिस वाला मुसलमान है। इस बयान को गंभीर मानते हुए पुलिस ने मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 196 बीएनएस का इजाफा किया है। जीआरपी ने आरोपियों के साथ मौजूद युवती को हिरासत में लिया। उस पर 151 के तहत कार्रवाई की गई है। रेल एसपी राहुल लोढ़ा ने बताया एक बदमाश की पहचान पवन यादव और दूसरे की अहिरवार के रूप में हुई। मामले का मास्टर माइंड अहिरवार बताया जा रहा है। जीआरपी ने आरोपियों के साथ मौजूद युवती को हिरासत में लेते हुए उसके खिलाफ 151 के तहत कार्रवाई की है।

## सामान्य वर्ग के निर्धन छात्रों के लिये निःशुल्क कोचिंग और न्यूनतम आय सीमा बढ़ाने के भेजेंगे प्रस्ताव : मंत्री कुशवाह

### मध्यप्रदेश राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग की हुई बैठक

**भोपाल।** सामान्य निर्धन वर्ग के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये निश्शुल्क कोचिंग तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये आय की न्यूनतम सीमा को बढ़ाये जाने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जायेगा। यह निर्णय सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण मंत्री तथा मध्यप्रदेश राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया।

मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि सामान्य वर्ग के गरीब हितग्राहियों को राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराने के लिये आयोग गठित किया गया है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि आयोग के माध्यम से 11 विभिन्न



योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार, चिकित्सा शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं से दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को भी बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने उच्च शिक्षा ऋण गारंटी योजना के तहत भी निर्धारित 100 विद्यार्थियों की अधिकतम सीमा को बढ़ाये जाने की आवश्यकता जताई। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि आयोग द्वारा इन सभी योजनाओं में वृद्धि के प्रस्ताव शासन को भेजे जायेंगे।

मंत्री श्री कुशवाह ने पशुपालकों के लिये पशुपालन विभाग द्वारा संचालित आचार्य विद्यासागर गौ-संवर्धन योजना को प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिये। योजना में वर्ष 2024-25 में 1559 पशुपालकों को 5 करोड़ 20 लाख से अधिक की अनुदान राशि उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश पशुपालन विभाग के अधिकारियों को दिये।

बैठक में सामाजिक न्याय, पशुपालन, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और संस्थागत वित्त विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## तेज स्पीड कार ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत

**भोपाल।** नजीराबाद इलाके में तेज रफ्तार कार ने बाइकसवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हुआ है,जिसका उपचार जारी है। इसी थाना इलाके में हुए एक और हादसे में दो भाई घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रमहा में रहने वाला विशाल सिंह (22) सोमवार की शाम करीब चार बजे वह अपने दोस्त आजाद के साथ बाइक पर सवार होकर निजी काम के चलते जा रहा था। ग्राम खजूरिया जोड़ के पास पहुंचने पर तेज रफ्तार कार ने विशाल की बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगने से दोनो चलती बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद विशाल को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिकले पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है। वहीं घायल साथी का अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। मर्ग कायम कर पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार की पहचान कर ली है, जिसके चालक की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। इसी थाना इलाके में हुए दूसरे हादसे की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया की ग्राम करारिया जिला विदिशा का रहने वाला नीलेश अहिरवार (24) सोमवार को अपने भाई रंजीत अहिरवार के साथ बाइक से अपने गांव से ग्राम आंकिया में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। दोपहर करीब तीन बजे आंकिया जोड़ के पास पहुंचने पर ट्रैक्टर चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल दोनों भाईयो को इलाज के लिये अस्साल पहुंचाया गया। मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।



## राजवाड़ा इंदौर में होगी 20 मई को मंत्रि-परिषद की बैठक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की स्मृति में 20 मई को मंत्रि-परिषद की बैठक इंदौर के राजवाड़ा में होगी। इसमें होल्कर साम्राज्य की स्थापना करने वाले महाराज मल्हार राव होल्कर का भी स्मरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि देवी अहिल्या बाई होल्कर के 300वें जन्म जयंती वर्ष का समापन 20 मई को हो रहा है। यह सुखद संयोग है कि 20 मई को ही लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर विवाह वर्षगांठ भी होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुई। मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीगण को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंत्रि-परिषद की अगली बैठक में जिला विकास सलाहकार समिति का प्रस्ताव लाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की है कि अलग-अलग क्षेत्र में सक्रिय एक लाख लोगों को विकास गतिविधियों से जोड़ते हुए विकास में सहभागिता के आधार का विस्तार किया जाए। इस उद्देश्य से जिला विकास समिति की कल्पना की गई है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित इस समिति के उपाध्यक्ष स्थानीय प्रभारी मंत्री होंगे।

उत्तर मध्य रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से **वरि. मण्डल विद्युत अभियंता (क0वि), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा** द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।
**कार्य का नामः** आगरा मंडल के धौलपुर-पलवल व टूंडला-बयाना खंडों की पीएसआई परिसंपत्तियों का दो साल की अवधि के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध।

| निविदा संख्या | अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
| --- | --- | --- |
| AGCTRDT202509 | ₹2,58,71,743.68/- | ₹2,79,400/- |

**कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 24 माह, **1.** निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकते हैं। **2.** निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दि. **19.05.2025** को **15.00** बजे तक भरा जा सकता है। **727/25 FA**
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी का संचालन
भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-
गाड़ी संख्या 08771/08772 दुर्ग जं.-लालकुआँ जं.-दुर्ग जं. ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी

| 08771 दुर्ग जं.-लालकुआँ जं. | | | 08772 लालकुआँ जं.-दुर्ग जं. | |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 10:45 | दुर्ग जं. | 04:00 | -- |
| 02:10 | 02:15 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 10:05 | 10:10 |
| 06:20 | 06:25 | आगरा कैंट | 04:45 | 04:50 |
| 07:55 | 07:57 | मथुरा जं. | 03:35 | 03:40 |
| 17:50 | – | लालकुआँ जं. | -- | 20:20 |

•दुर्ग जं. से गाड़ी संख्या 08771, दिनांकः 01.05.2025 से 26.06.2025 प्रत्येक गुरूवार •लालकुआँ जं. से गाड़ी संख्या 08772, दिनांकः 02.05.2025 से 27.06.2025 प्रत्येक शुक्रवार
गाड़ी संरचना : सामान्य श्रेणी-03, स्लीपर श्रेणी-15, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-02
नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile Aap या वेबसाईट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।
उत्तर मध्य रेलवे
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 740/25(MG)

उत्तर मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना सं0.: 2025-अप्रैल-02 दिनांकः 25.04.2025
ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली निविदा" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं.: 1 | निविदा सं.: 2025-अप्रैल-02-01 | अनुमानित लागत रु.: 52619037.80 |
| --- | --- | --- |

**कार्य का विवरणः** आगरा मंडल में बिल्लोचपुरा स्टेशन की सुविधाओं में उन्नयन के साथ विकास कार्य।

| क्र.सं.: 2 | निविदा सं.: 2025-अप्रैल-02-02 | अनुमानित लागत रु.: 13915811.00 |
| --- | --- | --- |

**कार्य का विवरणः** सहयक मंडल इंजीनियर (मुख्या0)/आगरा के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न स्टेशनों जैसे आगरा कैंट एप्रोच, आगरा फोर्ट, राजा की मंडी, ईदगाह और अन्य स्टेशनों पर मौजूदा नर्सरियों एवं ग्रीन पैचों का रख-रखाव, सफाई और मरम्मत का कार्य।

| क्र.सं.: 3 | निविदा सं.: 2025-अप्रैल-02-03 | अनुमानित लागत रु.: 2597758.08 |
| --- | --- | --- |

**कार्य का विवरणः** आगरा कैंट-ईदगाह में कि.मी. 1343.800-1344.800, ईदगाह-आगरा फोर्ट में कि.मी. 82.600-83.900, ईदगाह (यार्ड)-पथौली में कि.मी. 81.200-81.400, आगरा फोर्ट (यार्ड)-ईदगाह में कि.मी. 0.400-1.10 (लॉन्ग साइडिंग), राजा की मंडी-यमुना ब्रिज में कि.मी. 1347.400-1348.800, आगरा सिटी (यार्ड)-यमुना ब्रिज में किमी. 1349.200-1349.500, आगरा कैंट (यार्ड)-भांडई में कि.मी. 1341.200-1341.600, आगरा कैंट (यार्ड)-राजा की मंडी में कि.मी. 1344.250-1346.850, राजा की मंडी-बिल्लोचपुरा में कि.मी. 1347.600-1347.800, आगरा कैंट (यार्ड)-एन.जे.पी.सी. (कॉर्ड लाइन) में कि.मी. 1343.900-1344.600 (कुल 15.2 ट्रैक कि.मी.) में मलयुक्त मलवा एवं रैंस इत्यादि को हटाने का कार्य।

| क्र.सं.: 4 | निविदा सं.: 2025-अप्रैल-02-04 | अनुमानित लागत रु.: 2845964.87 |
| --- | --- | --- |

**कार्य का विवरणः** आगरा कैंट-ईदगाह - सहायक मंडल इंजीनियर (मुख्यालय)/आगरा कैंट उप मंडल के अधीन 24 महीने के लिए विभिन्न कॉलोनियों के पंप हाउसों (संख्या-14) पर पंप वाल्वों का संचालन और रख-रखाव का कार्य।

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल वेबपोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 16.05.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 728/25 (ADM)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

# जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का अधिकारी समय पर निराकरण करें- जिला सीईओ

## जनसुनवाई में 81 आवेदनों पर हुई सुनवाई



**मुरैना,कांस।** शासन के निर्देशानुसार जनसुनवाई प्रत्येक मंगलवार को पूर्वान्ह 11 से दोपहर 01 बजे तक करने के निर्देश हैं। निर्देशों के तहत कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव ने 29 अप्रैल, मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान कुल 81 आवेदन प्राप्त हुये, उनमें से 2 आवेदन ऐसे पाये, जिनका निराकरण टीएल बैठक में संभव था। उन्हें उत्तरा पोर्टल पर ई-गवर्नेंस द्वारा अपलोड किया गया। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, संयुक्त कलेक्टर,डिप्टी कलेक्टर सहित समस्त विभागों के जिलाधिकारी एवं अधीनस्थ कर्मचारी उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान जिला सीईओ ने सभी को बारी-बारी से सुना और उनकी समस्याओं का समाधान समय पर करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, नगर निगम, पेयजल, राशन, बीपीएल, अनुग्रह सहायता सहित अन्य संचालित कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों ने भी आवेदन दिये।

# पांच वर्षीय बच्ची के विवाह की झूठी खबर से प्रशासन हुआ परेशान

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)



**सबलगढ़।** सबलगढ़ तहसील के ग्राम रतियापुरा में एक पांच वर्षीय बच्ची के विवाह होने की खबर से प्रशासन परेशान रहा।जब टीम वहाँ पहुंची तो खबर झूठी पाई गई।बताया गया है कि मंगलवार को कुमारी आशिकी पुत्री श्री राकेश केवट आयु 5 वर्ष के बाल विवाह की सूचना पर महिला बाल विकास पर्यवेक्षक श्रीमती भगवती शर्मा श्रीमती मधु डंडोतिया एवम पुलिस उप निरीक्षक अजीत सिंह जादौन,महिला आरक्षक कविता शर्मा,आरक्षक सुभाष गुर्जर,आरक्षक रवि सिंह परमार की संयुक्त टीम के साथ जाकर मौके पर जांच की गई।जांच में विवाह की सूचना गलत पाई गई।विवाह होने सम्बन्धी किसी प्रकार का आयोजन होना नही पाया गया। ग्राम सरपंच एवम ग्रामीणों द्वारा पंचनामा प्रस्तुत कर विवाह न होने की पुष्टि की गई।आगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती लीला केवट, सहायिका जावित्री केवट एवम ग्राम चौकीदार बद्री प्रजापति को अक्षय तृतीया के दिन राकेश पुत्र रोशन केवट के घर की सतत निगरानी हेतु नियुक्त किया गया है।

# किडीज होम स्कूल में हुआ विधिक जागरुकता शिविर



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** श्री अजय कुमार चौहान द्वितीय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति सबलगढ़ के आदेशानुसार किडीज होम स्कूल (एमपी बोर्ड) में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सुश्री मोहिसना खान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को किशोर न्याय बोर्ड, बच्चों पर सोशल मीडिया के होने वाले इफेक्ट के संबंध में जानकारी देने के साथ-साथ छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर देकर उन्हें जागरूक किया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में बीईओ ऑफिस से श्री हरिओम मरैया, विद्यालय संचालक श्री नीरज बजाज सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# भारतीय शिक्षण मंडल के 56वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

**मुरैना,कांस।** भारतीय शिक्षण मंडल (मध्य भारत प्रांत, मुरैना) के 56वें स्थापना दिवस के अवसर पर विगत दिवस एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्वानों और शिक्षाविदों ने शिक्षण क्षेत्र में मूल्यों एवं संस्कृति के संरक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ शिव कुमार शर्मा (प्राचार्य, माधव महाविद्यालय, ग्वालियर एवं प्रांत मंत्री, भारतीय शिक्षण मंडल, मध्य भारत प्रांत) रहे। उन्होंने भारतीय शिक्षा परंपरा के मूल सिद्धांतों एवं वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में भारतीय दृष्टिकोण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रवि द्विवेदी (प्रांत सह मंत्री, भारतीय शिक्षण मंडल, मध्य भारत प्रांत) तथा डॉ. नवनीत पचौरी (शालेय गतिविधि प्रमुख, भारतीय शिक्षण मंडल, मध्य भारत प्रांत) ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में भारतीय शिक्षण मंडल के योगदान को सराहा और नई पीढ़ी के लिए मूलभूत संस्कारों से युक्त शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. धर्मेन्द्र धाकड़ (बीआरसी, जनपद शिक्षा केंद्र, कैलारस, मुरैना) ने की। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक डॉ प्रवीण कुमार लिटोरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ वरुण राज यादव, डॉ राजीव शर्मा, डॉ आरजू चौबे, डॉ मल्लिका गौर, श्री शुभम श्रीवास्तव आदि बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की।

# गौसेवा के नाम पर अवैध धनार्जन करने वालो के खिलाफ कार्यवाही की मांग



**मुरैना,कांस।** गौ सेवको ने कलेक्टर को आवेदन देकर गौसेवा के नाम पर अवैध धनार्जन करने वालो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। गौसेवको द्वारा कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में कहा कि वर्ष 2022-23 में शहर के गोवंश लंपि नामक बीमारी से ग्रसित होने पर उनके उचित उपचार हेतु चम्बल कॉलौनी में अस्थायी क्वारेंटाइन बनाया गया था, जहाँ गौवंशो का उपचार एवं उनकी देखभाल हो सकें।यहाँ पर गौवंश के नाम पर नगद राशि स्वीकार नही की जाती है, अगर कोई गौवंश की सेवा करना चाहता है तो वह चारे-पानी, दवाईयो के रूप में कर सकता है। लेकिन कुछ समय से कुछ कथा कथित लोग गौवंश के नाम पर राशि लेकर उसका व्यक्तिगत दुरूपयोग किया जा रहा है। गौसेवको ने कलेक्टर से ऐसे लोगो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# महिला बाल विकास विभाग ने पिपरघान में रुकवाया बाल विवाह



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** महिला बाल विकास विभाग सबलगढ़ को मंगलवार को सूचना मिली कि ग्राम पिपरघान में एक मातापिता अपनी 16 साल की नाबालिग बेटी का विवाह कर रहे है।सूचना मिलते ही पर्यवेक्षक बबीता गोयल ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी व कार्यकर्ता मनीषा अर्गल व शीला जाटव को तुरंत विवाहस्थल पर जाकर विवाह रोकने के निर्देश दिए।कार्यकर्ता ने नाबालिग बेटी के परिजनों को समझाइश देकर बाल विवाह रुकवाने की समझाइश दी व नहीं मानने पर कानूनी कार्यवाही से अवगत कराया।मामले की गम्भीरता से परिजन मान गए व उन्होंने बारात को आने से रोक दिया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना में शिक्षित बेरोजगार युवक ऑनलाइन करें आवेदन

## हितग्राहियों को योजना के अंतर्गत 10 हजार से 01 लाख तक सेवा, खुदरा इकाई एवं उद्योग इकाई के लिये दिया जायेगा बैंक से ऋण

**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित मुरैना द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को स्व-रोजगार के लिये बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने के लिये डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना संचालित की गई है। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित के कार्यपालन अधिकारी ने बताया है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना में हितग्राहियों को योजना के अन्तर्गत 10 हजार 01 लाख तक सेवा, खुदरा इकाई एवं उद्योग इकाई के लिए ऋण बैंक के माध्यम से दिया जायेगा। बैंक द्वारा स्वीकृति, वितरण उपरान्त ऋण राशि पर 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम भोपाल द्वारा देय होगी। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये मुरैना जिले के पात्रता रखने वाले अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदकों से आवेदन पत्र स्वीकार किये गये है। इसके लिये आवेदक के पास आधार कार्ड होना चाहिये, आवेदक के पास अनुसूचित जाति वर्ग का जाति प्रमाण-पत्र, आवेदक के पास मुरैना जिले का मूल निवासी प्रमाण-पत्र और आवेदक की उम्र आवेदन दिनांक को 18 से 55 वर्ष मध्य हो, आवेदन ऑनलाइन कर सकते है। आवेदक को उद्योग इकाई एवं सेवा, खुदरा व्यवसाय का स्व-रोजगार स्थापित करने हेतु कार्य योजना सहित आवेदन करने पर बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। पात्रता रखने वाले शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती शासन द्वारा संचालित योजनाओं में बेवसाईट samast.mponline.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला न्यायालय परिसर मुरैना में जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित मुरैना में संपर्क किया जा सकता है।

# चम्बल भवन में जनसुनवाई में 12 आवेदनकर्ताओं को सुना गया

**मुरैना,कांस।** चम्बल भवन मुरैना में ग्वालियर-चम्बल संभाग के कमिश्नर श्री मनोज खत्री के निर्देशन में संयुक्त आयुक्त (विकास) श्री राजेन्द्र सिंह ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान 12 आवेदकों की समस्याओं को सुना। ये शिकायतें विशेषकर राजस्व, भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, अतिक्रमण से संबंधित पाई गईं थीं।

# बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु गठित सर्वे दल द्वारा रौन में जन जागरूकता का कार्य किया गया एवं बाल विवाह रोकने हेतु शपथ



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री पवन तिवारी के निर्देशन में बाल भिक्षावृत्ति अभियान विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार प्रसार जागरूकता के माध्यम से बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु गठित सर्वे दल द्वारा सर्वप्रथम रौन में पहुंचकर जन जागरूकता का कार्य किया गया। रौन महिला बाल विकास विभाग के प्रभारी-परियोजना अधिकारी श्रीमती रजनी शर्मा, पर्यवेक्षक एवं अन्य स्टाफ और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला भिण्ड में पदस्थ श्री संजय मिश्रा सामाजिक कार्यकर्ता के द्वारा आगे अवगत कराया गया कि कार्यकर्ताओं को अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाकर उन्हें अवगत कराया गया कि बाल भिक्षावृत्ति समूचे समाज पर एक कलंक है और यह अत्यंत ही गलत कार्य है। किशोर न्याय अधिनियम की धारा 76 में यह अपराध घोषित किया गया है तथा कोई भी अगर बालक को बाल भिक्षावृत्ति के उद्देश्य से नियोजित करता है तो उसे 5 साल की सजा का प्रावधान है उसके पश्चात वहां पर जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें भिक्षावृत्ति अभिशाप है भिक्षा नहीं शिक्षा के नारे लगाए गए एवं बाल विवाह पर विस्तृत चर्चा कर बताया गया कि विवाह बच्चों का खेल नहीं है, बल्कि यह सामाजिक विकास का एक हिस्सा है। विवाह के लिए किशोर- किशोरियों का शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत होना बहुत जरूरी होता है। बाल विवाह सिर्फ एक बुराई ही नहीं,बल्कि एक सामाजिक अपराध है। इसे मिटाना हम सभी की जिम्मेदारी है। बाल विवाह रोकने हेतु की शपथ दिलाई गई। महिला बाल विकास विभाग रौन परियोजना से श्री जीतेन्द्र राजावत श्री दीपक,श्री मुकेष कुमार एवं पर्यवेक्षक- श्रीमती रिकीं राजावत, एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताऐ उपस्थित रही।

# जिला मुख्यालय पर कलेक्टर ने की जनसुनवाई

## जनसुनवाई में 57 आवेदकों के प्रकरणों की हुई सुनवाई, जनसुनवाई में श्री प्रेमनारायण को मौके पर ही मिली कान की मशीन



**भिण्ड ब्यूरो।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई जनसुनवाई में कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये 57 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री सुनील दुबे, अपर कलेक्टर श्री एल.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल के द्वारा भी आवेदकों की समस्याओं पर जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में ग्राम सरपंच का पुरा गौर खुर्द निवासी श्री प्रेमनारायण ने श्रवण बाधित होने के कारण जनसुनवाई में आवेदन देकर कान की मशीन दिलाये जाने की मांग की। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने सामाजिक न्याय विभाग अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में ही कलेक्टर द्वारा श्री प्रेमनारायण को कान की मशीन उपलब्ध कराई गई। कान में मशीन लगते ही श्री प्रेमनारायण को सब कुछ साफ सुनाई देने लगा। श्री प्रेमनारायण बेहद खुश हुए और शासन-प्रशासन को हृदय से धन्यवाद दिया। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने गंभीर बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं, बीपीएल राशन कार्ड एवं जमीन पर कब्जा से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके संबंध में आवेदक को भी कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश भी दिए।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना की अनुग्रह सहायता योजना के हितग्राहियों को

## हितलाभ वितरण का सिंगल क्लिक कार्यक्रम 30 अप्रैल को

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिकाध्परिषद भिण्ड को निर्देशित कर कहा है कि मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना की अनुग्रह सहायता योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण का सिंगल क्लिक कार्यक्रम 30 अप्रैल 2025 को होगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी द्वारा अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक कर डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में किया जायेगा। हितलाभ वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण संपूर्ण मध्यप्रदेश में होगा। जिले के समस्त नगरीय निकायों/जनपद पंचायतों में संबल 2.0 योजना अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों तथा हितलाभ प्राप्तकर्ता 20-20 श्रमिकों की उपस्थिति भी आवश्यक रूप से सुनिश्चित की जाये।

कार्यक्रम हेतु बैक ड्रॉप लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम स्थल पर एकत्रित श्रमिक मुख्यमंत्री जी का उद्बोधन स्क्रीन पर सुन सकें, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जावे। जिला मुख्यालय के एनआईसी केन्द्र पर यह आवश्यक है कि कार्यक्रम के समय हितग्राहियों के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ग्राम सचिवध्सरपंच व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी भी आवश्यक रूप से उपस्थित रहें एवं जिले की शेष जनपदों के मुख्यालयों में कार्यक्रम के समय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं समस्त अनुविभागीय एवं विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी आवश्यक रूप से उपस्थित रहें। उक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

# 01 मई को काशीपुर मंडी फीडर से विद्युत बंद रहेगी

**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी दत्तपुरा जोन के प्रबंधक ने बताया कि 11 केवी फीडर काशीपुर एवं 33 केवी फीडर मंडी पर लाइन प्रोजेक्ट कार्य किये जाने के लिये 01 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। जिसमें काशीपुर फीडर से रामनगर, नईबस्ती, उत्तमपुरा, छोटी लालौर, बालमीक धर्मशाला, डीटीआर वाला क्षेत्र, भज्जू वाला क्षेत्र और 33 केवी मंडी फीडर से माधवपुरा गली, राठौर कॉलोनी, यादव कॉलोनी, महावीरपुरा, ट्रंच रोड, दुर्गादास पार्क, सिंघल बस्ती, अम्बाह बाईपास क्षेत्र की विद्युत बंद रहेगी।

# कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब पकडी

**मुरैना,कांस।** कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर से गोपाल पुरा में अवैध शराब जप्त कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना पुलिस ने जरिए मुखबिर सूचना मिली कि गोपालपुरा में अवैध मदिरा का विक्रय हो रहा है, इस सूचना पर से उप निरीक्षक वीरसिंह जोनवार पुलिस टीम के साथ पहुँच कर 48.46 बल्क लीटर अवैध मदिरा जिसकी कीमत 45 हजार रूपये आंकी जा रही है, को जप्त कर आरोपी संजू पुत्र रणवीर मावई के खिलाफ आवकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

# भिण्ड जिले में किशोर न्याय अधिनियम के तहत 03 बाल देखरेख संस्थाएं हैं संचालित

**भिण्ड ब्यूरो।** मध्य प्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थानों में सामाजिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किए जाने हेतु कार्य योजना तैयार कर कार्यवाही के निर्देश हैं। जिसके अनुसार बाल देखरेख संस्थानों में रहने वाले देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों से जिले के प्रतिष्ठित व्यक्ति जनप्रतिनिधि यथा चार्टर्ड अकाउंटेंट, डॉक्टर, वकील, प्रशासनिक अधिकारी, स्वास्थ्य कानून और अन्य संबंधित क्षेत्र में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन प्रमुख व्यक्ति उक्त संस्थाओं में जाकर जरूरतमंद बालकों से मिलें उनके साथ समय व्यतीत करें जिससे बालकों का न केवल व्यक्तित्व विकास होगा बल्कि उनमें एक सहयोग की भावना जागृत होगी। इसी के साथ शासन निर्देशों में बाल देखरेख संस्थानों में निवासरत बालकों को स्पॉन्सर भी किया जा सकता है अर्थात बच्चों की शिक्षा एवं अन्य जरूरत को कुछ समय के लिए स्पॉन्सर किया जा सकता है साथ ही प्रमुख पेशेवर व्यक्तियों से अपेक्षा की जाती है कि वह ऐसी बाल देखरेख संस्थानों में जाकर बच्चों के साथ समय व्यतीत करें। प्रमुख आयोजनों बच्चों के जन्मदिन, प्रमुख त्योहारों पर जाकर बच्चों के साथ समय व्यतीत करें, आवश्यकता अनुसार बच्चों की जरूरत की सामग्री पढ़ाई की सामग्री प्रदाय की जा सकती है और उनके व्यवसाय अर्थात प्रोफेशन के अनुरूप बच्चों को मार्गदर्शन चिकित्सा परामर्श, शिक्षक परामर्श दिया जा सकता है आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने पर जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला प्रशासन और बाल कल्याण समिति के समन्वय से बच्चों को खेलकूद के लिए बाहर पिकनिक अन्य सांस्कृतिक धार्मिक और खेलकूद वाली गतिविधियों में संलग्न कराया जा सकता है। जिला भिंड अंतर्गत किशोर न्याय अधिनियम के तहत 03 बाल देखरेख संस्थाएं श्री बांके बिहारी कुंज बहुउद्देशीय महिला कल्याण समिति द्वारा संचालित शिशु ग्रह बिजली घर के पास लहार, श्री गहोई शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित बाल ग्रह कांकर कॉलोनी अटेर रोड भिंड, सेवा भारती मात्र छाया शिशु ग्रह वीरेंद्र वाटिका भिंड संचालित हैं।

# बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक की मौत

**मुरैना,कांस।** जौरा थाना क्षेत्र में बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक की मौत हो गई वही दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका उपचार चल रहा है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शीतलपुर निवासी दीपेश पुत्र उत्तम जाटव सौरभ जाटव के साथ बाइक से जा रहा था कि ब्लॉक के पास बाइक क्रमांक एमपी06 जेडजी 0270 के चालक ने बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी जिससे दीपेश जाटव की मौत हो गई वही सौरभ जाटव गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना पुलिस ने फरियादी मुकेश पुत्र महाराज सिंह जाटव की रिपोर्ट पर से आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# युवक फांसी ने लगार जान दी

**मुरैना,कांस।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम रामभजन का पुरा विण्डवा में निवास करने वाले मुकेश पुत्र रामदीन जाटव उम्र 40 साल ने अज्ञात कारणो के चलते अपने घर पर फांसी का फन्दा लगाकर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुँच कर मौका पंचनामा बनाकर शव का पीएम कराकर उसे उसके परिजनो को सौपकर फरियादी रामदीन पुत्र फोसू जाटव की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।


**प्रारूप छ -3**

**(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम49-ग(3) के अंतर्गत)**

**सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप**

कार्यालय-रजिस्ट्रीकरण अधिकारी निराश्रित महिला प्राथमिक 3 उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित मुरैना म. प्र.
जिला मुरैना — पंजीयन क्रमांक ARIMU/1038
क्रमांक/नि.अ./क्त दिनांक 29/04/25 — दिनांक 27.05.1995

**सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसायटी के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन दिनांक को साधारण सम्मिलन/ विशेष साधारण सम्मिलन में संपन्न होना है।

अतएव, सोसायटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसायटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड ,उप/ सहायक पंजीयक सहकारी सोसायटी कार्यालय संबंधित विकास खंड कार्यालय, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा के सूचना पटल पर दिनांक 29/04/ 25 को किया गया है यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 29/04/25 से दिनांक 06/05/25 तक सोसाइटी कार्यालय या कार्यालय JCS चंबल मुरैना मुझे सब प्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 07/05/25 को प्रातः10 ~00,रूबजे से किया जायेगा।

आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थिति हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिश ~ सूचना नहीं दी जावेगी यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा ।

**रजिस्ट्रीकरण अधिकारी**
**राकेश सिंह चौहान**
**निराश्रित महिला प्राथमिक 3 उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित मुरैना मध्य प्रदेश**




स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954